# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026




# जल जीवन मिशन से 32 लाख घरों में पहुंचा नल का पानी, साव का दावा हर घर पहुंचाएंगे

## 41.87 लाख घरेलू नल कनेक्शन, 5564 ग्राम 'हर घर जल ग्राम' घोषित

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया है कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य में अब तक 40 लाख 87 हजार 27 घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं, जिससे 32 लाख घरों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। मिशन लागू होने से पूर्व प्रदेश में केवल 3 लाख 19 हजार 741 घरेलू नल कनेक्शन उपलब्ध थे, जबकि वर्तमान सरकार के कार्यकाल के बीते दो वर्षों में इस संख्या में तेज़ी से वृद्धि हुई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

साव ने यह जानकारी शुक्रवार को नवा रायपुर अटल नगर स्थित संवाद ऑडिटोरियम में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा- छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था में व्यापक और ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। राज्य सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित, शुद्ध एवं सतत पेयजल उपलब्ध कराया जाए और छत्तीसगढ़ को शीघ्र ही 'हर घर जल' राज्य के रूप में स्थापित किया जाए।

### पहले था ये हाल

उपमुख्यमंत्री ने बताया कि जल जीवन मिशन से पूर्व ग्रामीण क्षेत्रों में 3,08,287 हैंडपंप, 4,440 नलजल योजनाएं और 2,132 स्थल जल प्रदाय योजनाएं संचालित थीं। वर्तमान में 70 समूह जल प्रदाय योजनाएं प्रगतिरत हैं, जिनसे 3,208 ग्राम लाभान्वित हो रहे हैं तथा 9 लाख 85 हजार से अधिक घरेलू नल कनेक्शन इन योजनाओं के माध्यम से जुड़े हैं।




### पानी की जांच के लिए 77 प्रयोगशालाएं

जल गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए श्री साव ने बताया कि राज्य में 77 जल परीक्षण प्रयोगशालाएं संचालित हैं, जिनमें 47 प्रयोगशालाएं एनएबीएल मान्यता प्राप्त हैं। आम नागरिकों की सुविधा के लिए पेयजल से संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर 1800-233-0008 भी प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है।

### ये है अगली कार्ययोजना

उन्होंने आगामी कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि शेष बचे लगभग 8 लाख घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) का निर्माण, 21 हजार से अधिक अधूरी योजनाओं को पूर्ण करना, 24 हजार से अधिक योजनाओं को ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित करना तथा सभी प्रगतिरत समूह जल प्रदाय योजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सरकार की प्राथमिकता है। मानव संसाधन सुदृढ़ीकरण पर जानकारी देते हुए उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीते दो वर्षों में विभाग में 403 रिक्त पदों का सृजन, 213 पदों पर नियुक्ति, 103 कर्मचारियों को पदोन्नति तथा 877 शासकीय सेवकों को समयमान-वेतनमान का लाभ प्रदान किया गया है।

### साढ़े 6 हजार गांवों में सौ प्रतिशत घरेलू नल

श्री साव ने कहा कि वर्तमान में 6,572 ग्रामों में शत-प्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 5,564 ग्रामों को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है, जिनमें से 4,544 ग्रामों को विधिवत प्रमाणित किया जा चुका है, विगत दो वर्षों में हर घर सर्टिफाइड ग्रामों की संख्या में पूर्व की तुलना में 750 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके साथ ही 5,088 ग्राम पंचायतों को जलापूर्ति व्यवस्थाओं का हस्तांतरण भी किया गया है।

### जेजेएम में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जल जीवन मिशन( जेजएम) के अंतर्गत गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जा रहा है। दोषपूर्ण कार्यों के कारण बीते दो वर्षों में 28 करोड़ 38 लाख रुपये से अधिक का अर्थदंड लगाया गया, 629 अनुबंध निरस्त किए गए तथा 11 फर्मों को ब्लैकलिस्ट किया गया। इसके साथ ही दोषी अधिकारियों एवं ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई भी की गई है।

## खबर संक्षेप

### बांस लेकर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिरा, दो की गई जान



**केशकाल।** केशकाल थाना क्षेत्र अंतर्गत बटराली-गोबरहीन मार्ग में शुक्रवार को ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे दबने से 2 युवकों की मौके पर मौत हो गई। वही एक अन्य युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर में बांस भरकर नीराछिंदली लाने के दौरान ट्रैक्टर बटराली-गोबरहीन मार्ग पर अनियंत्रित होकर गड्ढे में गिर गया। ट्रैक्टर में दबने से नीराछिंदली निवासी रूपसिंग नेताम और प्रमोद नेताम की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वही रूपसिंग का बेटा शिवलाल नेताम गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस की टीम मौके पर पहुचकर घायल युवक को उपचार के लिए केशकाल अस्पताल भिजवाया गया। जिसके बाद ट्रैकर के नीचे दबी लाशों को जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। फिलहाल पुलिस थाना पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुटी है।

### नियम से बाहर सजा, कानून के नजरिए से अमान्यः एचसी

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के आदेश से एसईसीएल को झटका लगा है। कोर्ट ने अपने फैसले में साफ कहा है, नियम व कानून के दायरे से बाहर जाकर दी गई सजा, कानून के नजरिए से अमान्य है। याचिकाकर्ता कर्मचारी का निलंबन बहाल करते हुए सैलेरी, इंक्रीमेंट सहित अन्य लाभ तीन महीने के भीतर देने का निर्देश दिया है। कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी एसईसीएल में रजनीश कुमार गौतम लेखा अधिकारी के पद पर तैनात थे। पूर्व सैनिकों की एजेंसियों की कोल लोडिंग और परिवहन बिलों से बकाया राशि की कटौती और वसूली करने में विफल रहने व इससे एसईसीएल को वित्तीय नुकसान होने का आरोप लगाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई। विभागीय जांच के बाद, उन्हें एक वर्ष के लिए वेतनमान में निचले स्तर पर डिमोशन कर दिया। इस अवधि के दौरान इंक्रीमेंट भी रोकने का आदेश जारी कर दिया। इसके खिलाफ याचिका दायर की गई। सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई।

### हादसे में आरएसएस विभाग संघचालक बघेल की मौत

**जगदलपुर।** लोहण्डीगुड़ा ब्लाक के बड़ाजीं थाना क्षेत्र के टाकरागुड़ा मुख्य मार्ग में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में आरएसएस नेता की मौत हो गई वहीं तीन अन्य घायल हो गए। टाटा मैजिक वाहन के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा वाहन को धीरे चलाने व नियमों का पालन करने की अपील व जागरुकता अभियान के बावजूद हादसा थम नहीं रहा है। चित्रकोट मार्ग में टाकरागुड़ा के करीब तेज रफ्तार टाटा मैजिक वाहन के चालन ने विपरित दिशा से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में आरएसएस बस्तर संभाग के विभाग संघचालक सुकालुराम बघेल चंदनपुर थाना लोहण्डीगुड़ा की मौके पर ही मौत हो गई।

## 500 यूनिट की खपत पर 1305 रुपए और 1000 यूनिट पर 3295 रुपए लग रहे ज्यादा

# सूर्य घर योजना में आवेदन न करने वाले पॉवर कंपनी के 10 हजार कर्मचारियों को लगा महंगाई का झटका

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर एक तरफ जहां आम उपभोक्ता लगातार आवेदन कर अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने का काम कर रहे हैं, वहीं छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारी और कर्मचारियों में इसको लेकर कोई रुचि नहीं है। तय डेडलाइन तक 11442 नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों में से महज 1662 ने ही आवेदन किए।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऐसे में आवेदन न करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को मिलने वाली 50 फीसदी की छूट को बंद कर दिया गया है। ऐसे में इनको महंगी बिजली का झटका लग रहा है। अब जितने यूनिट की खपत हो रही है, उतने टैरिफ का पूरा पैसा देना पड़ रहा है। योजना को बंद करने के विरोध के बाद अब जिनका खुद का घर नहीं है, उनको राहत देने की तैयारी हो रही है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर प्रदेश सरकार बहुत गंभीर है। ऐसे में इस योजना के लिए केंद्र सरकार की सब्सिडी के साथ ही राज्य सरकार ने भी अपनी सब्सिडी जारी की है। ऐसे में अब डबल सब्सिडी के कारण आम उपभोक्ता इसकी तरफ प्रभावित हो रहे हैं। आवेदनों की रफ्तार में बहुत ज्यादा इजाफा हो गया है। अब तक करीब सवा लाख आवेदन हो गए हैं। इसी के साथ 25 हजार से ज्यादा घरों में सोलर पैनल भी लग गए हैं।

खास खबर

### मात्र 1662 आवेदन

प्रदेश सरकार ने जब अगस्त से बिजली बिल हॉफ योजना का दायरा कम करके इसमें मिलने वाली छूट को घटाया और पूरा फोकस पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली की तरफ लगाया तो छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों से भी अपने घरों में हर हाल में तीन माह में सोलर पैनल लगाने का फरमान जारी किया गया। इस फरमान का असर ज्यादा नजर नहीं आया। इसके बाद 25 नवंबर तक हर हाल में आवेदन करने का नया फरमान जारी किया गया। इसी के साथ साफ चेताया गया कि आवेदन न करने वालों को मिलने वाली 50 फीसदी की छूट बंद कर दी जाएगी। तय डेडलाइन तक 11442 नियमित अधिकारियों-कर्मचारियों में से महज 1662 ने ही आवेदन किए हैं।

### जिनका खुद का घर नहीं उनको राहत देने की तैयारी



### अब देना पड़ रहा पूरा बिल

पॉवर कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को तो बिजली की पूरी खपत पर छूट मिलती थी। अगर किसी अधिकारी की खपत हजार यूनिट भी होती है तो उसको पांच सौ यूनिट के ऊर्जा प्रभार के ही पैसे लगते थे। लेकिन टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती है। पहले पांच सौ यूनिट की खपत करने पर 2610 रुपए के टैरिफ के स्थान पर 1305 रुपए लगते थे, लेकिन अब पूरे पैसे देने पड़ रहे हैं। इसी तरह से हजार यूनिट की खपत का बिल 6590 रुपए होता है, इसका आधा यानी 3295 रुपए ही देना पड़ता था, लेकिन अब पूरे पैसे लग रहे हैं। दिसंबर से छूट को समाप्त कर दिया गया है। दो माह से पूरे पैसे देने पड़ रहे हैं।

### खुद का घर नहीं तो राहत संभव

योजना को बंद करने के बाद से ही इस मामले को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों के संगठन इसका लगातार विरोध कर रहे हैं। इनका तर्क है कि जिनके खुद के घर नहीं है या फिर जिनके घर मल्टी स्टोरी बिल्डिंगों में है, वे कैसे सोलर पैनल लगा सकते हैं। ऐसे में अब ऐसे कर्मचारियों और अधिकारियों को फिर से छूट देने की तैयारी है। लेकिन अभी यह तय नहीं है कि यह छूट कब से मिलेगी।

## हाईकोर्ट का फैसला

# तिग्गा का प्रमोशन निरस्त शांडिल्य को डीआईजी जेल बनाने का आदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

हाईकोर्ट ने जेल विभाग से जुड़े मामले की सुनवाई में एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए कहा है कि अमित शांडिल्य को फिर से डीआईजी जेल के पद पर पदोन्नति दी जाएगी। इसके साथ ही वरिष्ठता क्रम को नजर अंदाज कर डीआईजी जेल बनाए गए एसएस तिग्गा का प्रमोशन रद्द कर दिया गया है। जेल विभाग में सुपरिंटेंडेंट जगदलपुर सेंट्रल जेल के पद पर कार्यरत अमित शांडिल्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। उन्होंने बताया था कि विभागीय पदोन्नति समिति की डीपीसी में उनकी वरिष्ठता और निर्धारित पात्रता के मापदंडों को दरकिनार कर दिया गया। वरिष्ठता सूची में उनका नाम पहले स्थान पर था पर उन्हें सुपर शीड करते हुए एसएस तिग्गा को डीआईजी जेल के पद पर प्रमोशन दे दिया गया। जिसके खिलाफ अमित शांडिल्य ने हाईकार्ट में याचिका लगाई। अपनी याचिका में उन्होंने गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजी जेल,सीजी पीएससी और एसएस तिग्गा को पार्टी बनाया। सुनवाई जस्टिस अमितेंद्र किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में हुई। सुनवाई में अदालत ने पाया कि पदोन्नति प्रक्रिया में सेवन नियमों और वरिष्ठता के सिद्धांतों का पालन नहीं किया गया है। जिसके चलते डीआईजी के पद पर एसएस तिग्गा का प्रमोशन जायज नहीं है। वरिष्ठता क्रम में सीनियर रहे अमित शांडिल्य को डीआईजी बनाया जाए।

## बीआर गोयल की कंपनी राजमार्ग पुल और इमारत भी बनाती है

# सड़क ठेकेदार के ठिकानों पर आईटी की रेड, दस्तावेज जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सड़क ठेकेदार बीआर गोयल के ठिकानों पर आईटी की रेड पड़ी है। आयकर की टीम पाराघाट टोल प्लाजा स्थित में टोल ऑफिस में पहुंची है और दस्तावेजों की जांच के साथ ही गोयल और उनके स्टाफ से पूछताछ की। 3 अलग-अलग गाड़ियों में पहुंचे अधिकारियों ने सारे दस्तावेज जब्त भी कर लिए हैं। यह कंपनी सड़क, राजमार्ग, पुल और इमारतों के निर्माण के साथ-साथ आरएमसी (रेडी मिक्स कॉन्क्रीट) की आपूर्ति, टोल कलेक्शन और आवासीय प्रोजेक्ट्स का संचालन करती है। इसके अलावा कंपनी देशभर में अलग-अलग इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सक्रिय है।

आयकर विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर में भी अलग-अलग ठिकानों पर छापा पड़ा है। कंपनी के सपना-संगीता रोड स्थित कार्यालय और कंपनी के डायरेक्टर के घर पर जांच चल रही है। अधिकारियों के अनुसार इनकम टैक्स विभाग को कंपनी के कामकाज, बड़े पैमाने पर लेन-देन और टैक्स में गड़बड़ी से संबंधित सूचनाएं मिली थीं।

हरिभूमि खास

### एक महीने पहले 45 ठिकानों पर पड़ी थी रेड

*गौरतलब है कि इससे पहले भी छत्तीसगढ़ में आयकर विभाग ने बड़ी कार्रवाई की थी। करीब एक महीने पहले, 4 दिसंबर 2025 को आयरन और स्टील कारोबार से जुड़े व्यापारियों और उनसे संबंधित लोगों के कुल 45 ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापा मारा था। यह कार्रवाई रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और रायगढ़ जैसे प्रमुख शहरों में की गई थी और करीब चार दिनों तक चली थी। उस दौरान आयकर विभाग के लगभग 200 अधिकारी कार्रवाई में शामिल थे। विभाग को 300 करोड़ रुपये से अधिक की टैक्स चोरी का संदेह था, जिसके चलते यह व्यापक छापेमारी की गई थी। उस कार्रवाई ने पूरे प्रदेश में हलचल मचा दी थी। अब एक बार फिर सड़क ठेकेदार बी.आर. गोयल के ठिकानों पर हुई इस ताजा कार्रवाई से यह संकेत मिल रहे हैं कि आयकर विभाग प्रदेश में टैक्स चोरी और वित्तीय गड़बड़ियों के मामलों को लेकर सख्त रुख अपनाए हुए है। आने वाले समय में इस छापेमारी से जुड़े और भी खुलासे सामने आ सकते हैं।*

### दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की जांच

आयकर विभाग के अधिकारियों के अनुसार शुक्रवार सुबह ही इनकम टैक्स की टीम गोयल के सभी ठिकानों पर पहुंच गई थी। इस दौरान दस्तावेजों और डिजिटल डेटा की विशेष रूप से जांच की जा रही है। इनकम टैक्स विभाग को कंपनी के कामकाज, बड़े पैमाने पर लेन-देन और टैक्स में गड़बड़ी की जानकारी पर छापेमारी हुई है। जानकारी के मुताबिक बीआर गोयल इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड इंदौर की एक प्रमुख निर्माण और इन्फ्रास्ट्रक्चर कंपनी है। कंपनी की स्थापना 1986 में हुई थी। 2005 में यह प्राइवेट लिमिटेड बनी और बाद में पब्लिक लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित हुई।

## शादी से इनकार, प्रेमी ने युवती का किया अपहरण



**अम्बिकापुर।** शहर के गांधीनगर तुर्रापानी क्षेत्र में राह चलती युवती का युवक ने दोस्तों के साथ मिलकर 15 जनवरी को अपहरण कर लिया। आरोपी एमपी के राजगढ़ अंतर्गत भोजपुर भवानीपुरा निवासी राम प्रसाद तंवर, एमपी जलावड वालंता भौईकला निवासी, राजगढ़ निवासी कमलेश तंवर व राजगढ़ के विडीवैड निवासी भंवर लाल को पुलिस ने मनेंद्रगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है। युवती को सकुशल घर पहुंचा दिया गया है। एसएसपी राजेश अग्रवाल ने बताया कि चार आरोपियों को पकड़ा व युवती को बरामद किया है। युवती और मुख्य आरोपी का इंस्टाग्राम पहचान हुई थी। युवती ने शादी से इंकार किया जिसके बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

# 'रायपुर' देश में पहला शहर बना, जहां पार्थिवी सोसायटी में शुरू हुई वर्चुअल नेट मीटरिंग

## 60 किलोवाट का सोलर सिस्टम लगा, 20 परिवारों को बिजली बिल में राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर ने देशभर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत एक नई मिसाल कायम की है। योजना के तहत रायपुर की पार्थिवी पैसिफिक सोसायटी में वर्चुअल नेट मीटरिंग याने व्हीएनएम का सफल संचालन होने से सोसायटी के फ्लैट में रहने वाले 20 परिवारों को बिजली बिल में बड़ी राहत मिलने लगी है। वर्चुअल नेट मीटरिंग सिस्टम स्थापित करने वाला रायपुर देश का पहला शहर बन गया है। वर्चुअल नेट मीटरिंग की इस नई व्यवस्था का सबसे बड़ा फायदा उन लोगों को हो रहा है, जो अपार्टमेंट या बहुमंजिला इमारतों में रहते हैं और जिनके पास छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होती। वर्चुअल नेट मीटरिंग के जरिए एक ही सोलर प्लांट से कई फ्लैट या परिवार बिजली का लाभ ले सकते हैं, जिससे उनका बिजली बिल काफी कम हो जाता है। पार्थिवी पैसिफिक सोसायटी में वर्चुअल नेट मीटरिंग की सफलता को देखते हुए छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अब इस मॉडल को प्रदेश के अन्य शहरों और क्षेत्रों में भी स्थापित करने की पहल शुरू कर दी है।



### अन्य राज्यों के लिए उदाहरणः सीएम

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि यह परियोजना छत्तीसगढ़ में नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता और अन्य राज्यों के लिए एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ और हरित भारत के विजन से जुड़कर अब अधिक से अधिक लोग सौर ऊर्जा का लाभ उठा सकेंगे।

### सालाना 6 लाख से अधिक की बचत

पार्थिवी पैसिफिक सोसायटी सोलर सिस्टम लगने के बाद इसका सीधा लाभ बिजली बिल में दिखने लगा। इस सिस्टम से सभी फ्लैट के बिजली बिल में सालाना 6 लाख 30 हजार रूपए की बचत होने की उम्मीद है। इसका मतलब यह है कि प्रत्येक परिवार को अपने बिजली बिल पर लगभग 31500 रूपए की बचत होगी। प्रत्येक परिवार को लगभग 300 यूनिट तक बिजली का क्रेडिट मिलने लगा है, जिससे मासिक बिजली खर्च में अच्छी-खासी कमी आई है।

## धर्मापुर में चर्च और आश्रम बनाकर कांकेर क्षेत्र के बच्चों को लाया गया

# राजनांदगांव में धर्मांतरण गतिविधियां एक संगठित नेटवर्क, पुलिस जांच में कई खुलासे, सामग्री जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

बीते दिनों शहर के समीप ग्राम धर्मापुर में चर्च और आश्रम बनाकर कांकेर क्षेत्र से बच्चों को लाकर यहां धर्मांतरण कराए जाने का मामला सामने आया था । जिसको लेकर हिंदू संगठनों के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। शिकायत के बाद पुलिस जांच में धर्मांतरण कराए जाने को लेकर कई साक्ष्य मिले हैं।

शहर के लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी सुकुलदैहान क्षेत्र के ग्राम धर्मापुर में डेविड चाको द्वारा आश्रम-चर्च का संचालन करते हुए यहां नाबालिग बच्चों को रखा गया था। मामले की शिकायत मिलने पर पुलिस ने डेविड चाको के विरुद्ध छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की विवेचना शुरू की। जांच में धर्मांतरण से संबंधित कई साक्ष्य हासिल हुए हैं। जिसमें दस्तावेजों के अलावा अन्य सामग्री जब्त की गई है। सोलर-आधारित प्रोजेक्टर भी जब्त किया गया है जिसकी अनुमानित कीमत हजारों डॉलर बताई जा रही है। ये उपकरण दूरस्थ, बीहड़ क्षेत्रों में उपयोग किए जाता था, जहां विद्युत सुविधा उपलब्ध नहीं होती थी।



### विदेशी फंडिंग पर हो रही जांच

धर्मांतरण के इस मामले में पुलिस वित्तीय लेन-देन और विदेशी धन स्रोतों की भी गहन जांच कर रही है। ऐसी जानकारी सामने आ रही है कि धर्मांतरण के लिए विदेशी फंडिंग होती थी। और अलग-अलग राज्यों के माध्यम से छोटे-छोटे खातों के जरिए यहां तक पहुंचती थी। हालांकि पूरी जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

-अंकित शर्मा, पुलिस अधीक्षक, राजनांदगांव

### धर्मांतरण का नेटवर्क खंगाल रही पुलिस

पुलिस अधीक्षक अंकित शर्मा ने बताया कि प्रारंभिक परीक्षण से यह संकेत मिला है कि कथित धर्मांतरण गतिविधियां एक संगठित नेटवर्क के रूप में संचालित की जा रही थी, जो केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं थीं। विवेचना में यह भी सामने आया है कि उक्त गतिविधियों से संबंधित छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों में फैला एक व्यापक नेटवर्क सक्रिय था। जिसमें सैकड़ों व्यक्तियों की संलिप्तता के संकेत प्राप्त हुए हैं। पुलिस ने लैपटॉप, टैबलेट, आई-पैड एवं मोबाइल फोन जब्त किया है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 17 जनवरी 2026







# भाजपा बराबरी से विकास कर रही है, कांग्रेस में हुए घोटाले, कोई जेल में कोई बेल में: लखन

## सरकार के दो वर्षों के कार्यों पर हरिभूमि- आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उद्योग मंत्री से किए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोरबा

खास खबर

राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर जिले के विकास में कारगर योजनाओं, विकास कार्यों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा एवं मंथन के लिए हरिभूमि एवं आईएनएच द्वारा जश्न रिसार्ट में 16 जनवरी को जिला संवाद 2026 कोरबा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हरिभूमि व आईएनएच के प्रधान संपदाक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने विकास कार्यों व समस्याओं पर चर्चा की। जिसमें सत्ताधारी व विपक्षी दल के नेताओं ने बेबाकी के साथ अपनी बात रखी। संवाद कार्यक्रम के दौरान प्रधान संपादक डॉ हिमांशु द्विवेदी ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन से भी वह सवाल पूछे जो उन्होंने पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से पूछे थे।





***डॉ. द्विवेदी: आपके दो साल कैसे गुजरे और आपको कितना मजा आ रहा है?***

**उद्योग मंत्री:** दो साल से मंत्री के रुप में कार्य कर रहा हूं। पता ही नहीं चला कि दो साल कैसे गुजर गए। विधानसभा क्षेत्र सहित राज्य के अन्य जिलों में भी दौरा किया। उद्योग मंत्री होने के नाते अन्य प्रदेशों में भी दौरा करना पड़ा। प्रदेश के साथ साथ हमारे विधानसभा क्षेत्र का कैसे विकास हो इस पर फोकस रखकर काम कर रहे हैं।

***डॉ. द्विवेदी: आपको जनता ने विधायक और पार्टी ने मंत्री चुना बावजूद इसके आपको पता नहीं चला कि दो साल कैसे गुजरे?***

**उद्योग मंत्री:** जिले में 28 सौ करोड़ की राशि डीएमएफ से स्वीकृत की गई है। नगर निगम क्षेत्र में भी 8 सौ करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई है। जिनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं और कुछ निर्माणाधीन हैं तो कुछ का भूमिपूजन किया गया है। दो साल में प्रदेश व जिले में बदलाव नजर आ रहा है।

***डॉ. द्विवेदी: डीएमएफ का नाम सुनते ही डर लगने लगता है?***

**उद्योग मंत्री:** विष्णु देव साय के शासनकाल में कोई कमीशनखोरी नहीं चल रही है। कांग्रेस के शासनकाल में डीएमएफ में 40 प्रतिशत कमीशनखोरी चल रही थी लेकिन विष्णुदेव सरकार पर कोई कमीशनखोरी ▶▶| शेष पेज 5 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹106433/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹129990/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹141896/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

anand Jewels

Pandri, Raipur

*Conditions apply


## खबर संक्षेप

### मारिया ने ट्रंप को भेंट किया नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना माचाडो ने नोबेल शांति पुरस्कार का मेडल सौंपा है। यह मुलाकात व्हाइट हाउस में हुई, जहां माचाडो ने खुद ट्रंप को यह मेडल दिया।

## निवेशकों का सोने से मोह हुआ भंग, चांदी बनी पहली पसंद

# चांदी तोड़ रही हर दिन रिकॉर्ड, एक दिन में 3600 का उछाल, जल्द ही कीमत 3 लाख!

*राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत लगातार छठे दिन रिकॉर्ड तेजी के साथ 3,600 रुपये उछलकर 2,92,600 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर से नीचे आ गया और 1,100 रुपये घटकर 1,46,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रहा। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,47,300 रुपये प्रति 10 ग्राम था।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि सरोकार

बृहस्पतिवार को चांदी 2,89,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। गौरतलब है कि साल 2026 की शुरुआत से अब तक घरेलू बाजार में चांदी की कीमतों में करीब 21 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की जा चुकी है, जिससे यह निवेशकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

इस बीच, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना और चांदी में लगातार दूसरे दिन गिरावट ▶▶| शेष पेज 5 पर

### लगातार दूसरे साल सोने से ज्यादा महंगी

*कारोबारियों ने कहा कि कमजोर वैश्विक रुख के बावजूद लगातार औद्योगिक उठाव के कारण चांदी मजबूत बनी हुई। चांदी अब सिर्फ छह सत्रों में 20.16 प्रतिशत यानी 49,100 रुपये चढ़ चुकी है। आठ जनवरी को इसकी कीमत 2,43,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। चांदी लगातार दूसरे साल सोने से आगे रही और अब तक इसने 22.4 प्रतिशत का लाभ दिया है।*




### कहां तक जाएंगे सोना और चांदी के भाव

विश्लेषकों का कहना है कि तेजी के बाजारों में चांदी आमतौर पर सोने की तुलना में 1.5 से 2 गुना अधिक बढ़ती है और यह पैटर्न मौजूदा सत्र में साफ तौर पर दिख रहा है। सेम्को सिक्योरिटीज ने अनुमान लगाया है कि एमसीएक्स चांदी की कीमतें समय के साथ 3.94 लाख रुपए प्रति किलो तक जा सकती हैं। वहीं सोने की कीमतें 1.60 लाख तक जा सकती हैं।

### सोना सुस्त पड़ने के कई कारण

सोने की कीमतों में आई नरमी के पीछे अमेरिका से आए महंगाई के कमजोर आंकड़ों को अहम वजह माना जा रहा है। इन आंकड़ों के चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना मजबूत हुई है। इसके अलावा वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियां, औद्योगिक मांग और इनवेंट्री में बदलाव भी बुलियन मार्केट की दिशा तय कर रहे हैं। माना जा रहा है कि यदि आगे चलकर ब्याज दरों में कटौती होती है तो सुरक्षित निवेश विकल्पों की मांग फिर बढ़ सकती है।

# अश्लील डांस, एसडीएम सस्पेंड, अनुमति दी और खुद भी हुए थे शामिल


मंच पर अश्लील डांस, एसडीएम को नोटिस, दो पुलिसकर्मी लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गरियाबंद जिले में अश्लील डांस मामले में जांच के दायरे में आए एसडीएम को सस्पेंड कर दिया गया है। यह कार्रवाई रायपुर कमिश्नर एमडी कावरे ने की है। निलंबित हुए एसडीएम तुलसीराम मरकाम ने ही डांस कार्यक्रम की अनुमति दी थी और खुद भी उसमें शामिल हुए थे। रायपुर ▶▶| शेष पेज 5 पर

### नियम के विपरीत दी थी अनुमति

कमिश्नर की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस घटनाक्रम के संबंध में अपर कलेक्टर, जिला गरियाबंद ने 14 जनवरी को कलेक्टर गरियाबंद को जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रकरण के संपूर्ण तथ्य लिखे है। प्रतिवेदन के मुताबिक तुलसीदास मरकाम द्वारा विविध सार्वजनिक कार्यक्रमों, ▶▶| शेष पेज 5 पर

### जवाब भी संतोषप्रद नहीं

इस मामले में कलेक्टर गरियाबंद द्वारा कार्यालयीन कारण बताओ नोटिस क्रमांक जारी करते हुए तुलसीदास मरकाम से जवाब-तलब किया गया। मरकाम द्वारा पत्र 14 जनवरी के माध्यम से उक्त कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया गया, जवाब संतोषप्रद नहीं पाया गया।

# मोरध्वज आरंग महोत्सव में सीएम ने की कई घोषणाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

राजा मोरध्वज के त्याग, धर्म और सत्यनिष्ठा की गौरवगाथा को समर्पित मोरध्वज आरंग महोत्सव–2026 का समापन समारोह ऐतिहासिक गरिमा और भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राजा मोरध्वज का जीवन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक चेतना और नैतिक मूल्यों का अमर प्रतीक है, जो आज भी समाज को सत्य और कर्तव्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आरंग की यह पुण्यभूमि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम के चरण-स्पर्श से तथा द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण की स्मृतियों से अनुप्राणित रही है। उन्होंने बागेश्वर बाबा में विधिवत जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि, शांति और सतत विकास की ▶▶| शेष पेज 5 पर



### सैंड कलाकार सम्मानित

मुख्यमंत्री ने सैंड आर्टिस्ट हेमचंद साहू को रेत से भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीराम एवं भगवान बागेश्वरनाथ की दिव्य आकृतियाँ उकेरने के लिए सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कलाकार की सृजनशीलता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी उत्कृष्ट कला न केवल हमारी आस्था और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त करती है, बल्कि छत्तीसगढ़ की पहचान को भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरव प्रदान करती है। उन्होंने कलाकार को भविष्य में भी इसी प्रकार अपनी कला के माध्यम से प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएँ दीं।

### ये रहे मौजूद

समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, गुरु बालकदास साहेब, मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, सांसद विजय बघेल, बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि-आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विधायक इंद्रकुमार साहू, मोतीलाल साहू, रोहित साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बड़ी कार्रवाई

# सरकार ने सट्टेबाजी, जुए से जुड़ीं 242 अवैध वेबसाइट को किया प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने अनधिकृत ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्मों पर चल रही अपनी कार्रवाई के तहत शुक्रवार को 242 अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों को प्रतिबंधित कर दिया है। अधिकारियों के मुताबिक, इस नवीनतम कार्रवाई के बाद अब तक बंद की गई अवैध सट्टेबाजी और जुआ वेबसाइटों की कुल संख्या 7,800 से अधिक हो गई है। यह कार्रवाई ऑनलाइन गेमिंग एक्ट पारित होने के बाद की गई है।

### कितना कड़ा है कानून

*नए कानून के तहत, ऑनलाइन पैसे वाले गेम से संबंधित अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान है।अधिकारियों को प्रतिबंधित गेम के संचालकों और विज्ञापनदाताओं की जांच और उन्हें दंडित करने के लिए अधिक स्पष्ट अधिकार दिए गए हैं।*

# ग्रीनलैंड पर हमले की सोचना भी मत फ्रांसीसी राष्ट्रपति की ट्रंप को खुली चेतावनी

एजेंसी ▶▶| पेरिस

अमेरिका की ओर से ग्रीनलैंड पर कब्जे के विचार का फ्रांस ने विरोध किया है। फ्रांस सरकार ने डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन को ग्रीनलैंड में कोई हरकत ना करने की चेतावनी देते हुए कहा है कि सैन्य कार्रवाई का मतलब हद पार करना होगा। इससे बड़ा बदलाव आएगा और पूरी तरह से

- फ्रांस ने नाटो के साथ उतारी सेना



नई दुनिया बनेगी। फ्रांस की ओर से यह बयान ऐसे समय आया है, जब ट्रंप प्रशासन ग्रीनलैंड पर कब्जे की बात कह रहा है। अमेरिका ने ग्रीनलैंड पर कब्जे के लिए ▶▶| शेष पेज 5 पर

### अमेरिका से तनातनी बरकरार: मेटे

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने एक बयान में कहा है कि ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ मतभेद बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि वॉशिंगटन में हुई हालिया बातचीत सफल नहीं रही। अमेरिका की ग्रीनलैंड को अपने नियंत्रण में लेने की महत्वाकांक्षा डेनमार्क के कड़े विरोध के बावजूद कायम है।

## हाईकोर्ट ने विभागीय जांच और किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगाई

# लाल अंगूर लेकर आओ, 10 केजी जवांफूल चावल भी चाहिए सिलेंडर और सब्जी भी मंगाई, हाईकोर्ट में दायर हुई याचिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

हाईकोर्ट ने दुर्ग निगम कमिश्नर आफिस में पदस्थ कर्मचारी के खिलाफ विभागीय जांच और किसी भी तरह की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल और जांच अधिकारी मोहेन्द्र साहू को व्यक्तिगत नोटिस जारी किया है। रिट



याचिका की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी। याचिकाकर्ता द्वारा निगम कमिश्नर और अपने वाट्सएप चैट की कॉपी हाईकोर्ट में पेश की गई है। इसमें आयुक्त लगातार कुछ मंगवा रहे हैं।इसमें लाल अंगूर लेकर आओ, धुरंधर मूवी की टिकट वह भी कार्नर वाली सीट मांगी गई है। सिलेंडर और सब्जी भी मंगाई गई। 10 केजी जवांफूल चावल लेकर आने की बात भी कही गई है। चैट में एक कर्मचारी के बारे में लिखा है कि उसको समझा देना हटा दूंगा। एक चैट में कर्मचारी से आयुक्त पूछ रहे हैं कि एमआईसी की बैठक को क्या कैंसिल कर सकते हैं।

रिट याचिका की सुनवाई जस्टिस पीपी साहू के सिंगल ▶▶| शेष पेज 5 पर

### निलंबन आदेश को दी है चुनौती

*याचिकाकर्ता ने निगम कमिश्नर द्वारा 18 सितंबर 2025 को जारी आरोप पत्र और दुर्ग नगर निगम के उपायुक्त द्वारा 06 अक्टूबर 2026 की जांच रिपोर्ट को चुनौती दी है। याचिका के अनुसार उसे 8 अगस्त 2014 के आदेश द्वारा दुर्ग नगर निगम के अधीन चपरासी के पद पर नियुक्त किया गया था। इसके बाद 21 नवंबर 2019 को उसे सहायक ग्रेड-तृतीय के पद पर पदोन्नत किया गया। सेवा अवधि के दौरान, नगर निगम आयुक्त ने 31 जुलाई 2025 को उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया और आरोप लगाया कि नम्रता रक्सेल (चपरासी) और प्रीति उज्जैनवार (सहायक राजस्व निरीक्षक) की नियुक्ति और रमेश कुमार* ▶▶| शेष पेज 5 पर

बीएमसी चुनाव के नतीजों ने मुंबई की राजनीति की बदल दी पूरी तस्वीर

*बीएमसी (बीएमसी) चुनाव के नतीजों ने मुंबई की राजनीति की पूरी तस्वीर बदल दी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इस महाजंग में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देश की सबसे अमीर महानगर पालिका पर अपना परचम लहरा दिया है। इस बड़ी जीत के साथ ही अब सबकी नजरें इस सवाल पर टिकी हैं कि मुंबई का अगला मेयर कौन होगा?*

# कौन होगा मुंबई का नया मेयर? भाजपा की जीत के बाद 5 चेहरों पर चर्चा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बेहद प्रभावशाली और रणनीतिक बयान दिया था कि 'मुंबई का अगला मेयर हिंदू और मराठी होगा।' अब जब नतीजे बीजेपी के पक्ष में आए हैं, तो फडणवीस का यह वादा केवल एक राजनीतिक बयान नहीं बल्कि बीजेपी के लिए एक बड़ी चुनौती और अवसर बन गया है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि स्थानीय पहचान और क्षेत्रीय गौरव को बढ़ावा देना कोई संकीर्ण राजनीति नहीं बल्कि संवैधानिक अधिकार है। बीएमसी (बीएमसी) चुनाव 2026 के नतीजों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के 'मेयर हिंदू और मराठी होगा' वाले बयान के बाद, पार्टी के भीतर उन चेहरों की चर्चा तेज हो गई है जो इस कसौटी पर खरे उतरते हैं।

## सीएम फडणवीस का ऐलान- 'मुंबई का अगला मेयर हिंदू और मराठी होगा'

**मेयर पद के लिए इन 5 नामों पर चर्चा**

**तेजस्वी घोसालकर :** दहिसर (वार्ड नंबर 2) से 10,000 से अधिक वोटों से जीत दर्ज करने वाली तेजस्वी इस समय बीजेपी की सबसे बड़ी 'पोस्टर गर्ल' हैं। उन्होंने उद्धव गुट के गढ़ में सेंध लगाई है। वह युवा हैं, शिक्षित हैं और मुख्यमंत्री के 'मराठी-हिंदू' फॉर्मूले में पूरी तरह फिट बैठती हैं।

**प्रकाश दरेकर :** विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष प्रवीण दरेकर के भाई प्रकाश दरेकर ने वार्ड नंबर 3 से शानदार जीत हासिल की है। दरेकर परिवार का मुंबई और विशेषकर उत्तर-पश्चिम मुंबई के मराठी वोट बैंक पर जबरदस्त प्रभाव है। उनके पास प्रशासनिक अनुभव भी है, जो उन्हें मेयर पद का प्रबल दावेदार बनाता है।

**प्रभाकर शिंदे :** बीएमसी में बीजेपी के पूर्व गुट नेता प्रभाकर शिंदे पार्टी के सबसे अनुभवी पार्षदों में से एक हैं। उन्हें नगर निगम के कामकाज और नियमों की गहरी समझ है। 'मराठी चेहरा' होने के साथ-साथ अनुभवी होने के कारण वह मेयर की कुर्सी के लिए सुरक्षित विकल्प माने जा रहे हैं।



**मकरंद नार्वेकर :** विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के भाई मकरंद नार्वेकर दक्षिण मुंबई के एक रसूखदार नाम हैं। वह लगातार जीतते आ रहे हैं और कोलाबा क्षेत्र में उनकी पकड़ बहुत मजबूत है। हालांकि वह 'मराठी' वर्ग से आते हैं, लेकिन उनकी छवि एक आधुनिक और विकासवादी नेता की है, जिसे बीजेपी भुनाना चाहेगी।

**राजश्री शिरवाडकर :** वार्ड नंबर 172 से जीतने वाली राजश्री शिरवाडकर बीजेपी की एक निष्ठावान और आक्रामक मराठी महिला चेहरा हैं। अगर पार्टी किसी महिला को मेयर बनाने का फैसला करती है (आरक्षण के आधार पर), तो राजश्री का नाम सबसे ऊपर होगा। वह स्थानीय मुद्दों पर काफी सक्रिय रहती हैं।

### 1 लाख तक होती है सैलरी

मुंबई के मेयर को सरकारी कर्मचारी की तरह 'सैलरी' नहीं बल्कि हर महीने मानधन दिया जाता है, जो लगभग 50,000 से 1,00,000 रुपये के बीच होता है। इसके अलावा उन्हें बंगला, गाड़ी और अन्य भत्ते मिलते हैं।

### ढाई साल का होता है कार्यकाल

मुंबई मेयर का कार्यकाल 2.5 साल (ढाई साल) का होता है। 5 साल के निगम कार्यकाल के दौरान दो अलग-अलग मेयर (या एक ही व्यक्ति दो बार) चुने जा सकते हैं।


**कार्यकारी शक्तियां 'म्युनिसिपल कमिश्नर' के पास :** मेयर मुंबई का 'प्रथम नागरिक' होता है, हालांकि कार्यकारी शक्तियां 'म्युनिसिपल कमिश्नर' के पास होती हैं, लेकिन मेयर सदन की बैठकों की अध्यक्षता करता है और शहर की नीतियों को प्रभावित करने में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

---

## खबर संक्षेप

### धनुष-मृणाल वैलेंटाइन डे पर करेंगे शादी!

**नई दिल्ली।** साउथ सुपरस्टार धनुष और एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर



एक बार फिर अपने रिश्ते को लेकर सुर्खियों में हैं। फ्री प्रेस जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार, मृणाल और धनुष अगले महीने की 14 फरवरी यानी कि वैलेंटाइन डे के मौके पर शादी करेंगे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ये शादी के एक प्राइवेट सेरेमनी होगी, जिसमें दोनों की फैमिली और क्लोज फ्रेंड्स मौजूद रहेंगे। हालांकि धनुष या मृणाल में से किसी ने कोई ऑफिशियल स्टेटमेंट नहीं दिया है। बता दें कि पिछले साल अगस्त में मृणाल की फिल्म 'सन ऑफ सरदार-2' के प्रीमियर के दौरान धनुष को देखा गया था।

### द.कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति को 5 साल की जेल

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की एक अदालत ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक



योल को पांच साल जेल की सजा सुनाई है। उन्होंने दिसंबर 2024 में पद पर रहते हुए देशभर में मार्शल लॉ लगाने की कोशिश की थी। अदालत ने इसे सत्ता का गलत इस्तेमाल माना। जज ने शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए कहा कि यून ने देश को राजनीतिक संकट में डाल दिया था।

### एक्टर दीपक तिजोरी से लाखों रुपए की ठगी!

**मुंबई।** फिल्म के लिए फंड दिलाने के नाम पर बॉलीवुड एक्टर दीपक



तिजोरी से 2.5 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार, दीपक तिजोरी अपनी नई फिल्म के लिए पैसों की व्यवस्था कर रहे थे। इसी दौरान एक दोस्त ने उनकी मुलाकात एक ऐसे व्यक्ति से कराई, जिसने खुद को एक म्यूजिक कंपनी से जुड़ा बताया। जिसके बाद पिछले साल फरवरी में तिजोरी की मुलाकात एक महिला से कराई गई, जिसने खुद को फिल्म प्रोड्यूसर बताया और फिल्म के लिए इन्वेस्टर दिलाने का भरोसा दिया।

---

स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# 'समस्याओं का हल निकाल रहे युवा स्टार्टअप से 21 लाख को रोजगार'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस और स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। जहां, पीएम मोदी ने कहा है कि सबसे अहम बात यह है कि भारत के युवा असली समस्याओं को हल करने पर ध्यान दे रहे हैं। पीएम ने कहा कि मैं उन सभी युवा इनोवेटर्स की बहुत सराहना करता हूं जिन्होंने नए सपने देखने की हिम्मत की है। पीएम मोदी ने कहा कि आज, हम स्टार्टअप इंडिया के 10 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। यह 10 साल का सफ़र आप जैसे हज़ारों-लाखों सपनों का सफ़र है। यह अनगिनत कल्पनाओं के सच होने का सफ़र है। सिर्फ 10 सालों में, स्टार्टअप इंडिया मिशन एक क्रांति बन गया है। भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। 2014 में, भारत में सिर्फ 4 यूनिकॉर्न थे, आज भारत में लगभग 125 एक्टिव यूनिकॉर्न हैं। दुनिया भी इस सफलता की कहानी को हैरानी से देख रही है।

**भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम**

**10 साल पहले 500 स्टार्टअप थे, आज 2 लाख से ज्यादा**



**समस्याओं के समाधान पर ध्यान दे रहे :** मोदी ने आगे कहा कि भारतीय युवा, वास्तविक समस्याओं के समाधान पर ध्यान दे रहे हैं, स्टार्टअप इंडिया मिशन एक क्रांति बन गया है। भारत में 2014 में केवल चार स्टार्टअप थे और आज 125 से अधिक सक्रिय यूनिकॉर्न कंपनियां हैं। यूनिकॉर्न कंपनियां अब अपने आईपीओ ला रही हैं और रोजगार सृजित कर रही हैं। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश है, स्टार्टअप की संख्या दो लाख से अधिक हो गई है। मझोले और छोटे शहरों तथा यहां तक कि ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अपने स्टार्टअप स्थापित कर रहे हैं। आज 45 प्रतिशत स्टार्टअप में महिला निदेशक या भागीदार हैं।

### 'आज हम कहां से कहां पहुंच गए'

पीएम मोदी ने कहा कि आज से 10 साल पहले, विज्ञान भवन में 500700 नौजवानों के बीच इस कार्यक्रम की शुरुआत की थी। उस समय स्टार्टअप की दुनिया में जो नए-नए लोग आ रहे थे, उनके अनुभव मैं सुन रहा था और मुझे याद है एक बेटी, जो कॉरपोरेट वर्ल्ड से अपनी नौकरी छोड़कर स्टार्टअप की तरफ जा रही थी। नौकरी छोड़कर वो कोलकाता अपनी मां से मिलने गई और मां से कहा कि मैंने नौकरी छोड़ दी है और मैं स्टार्ट करना चाहती हूं। फिर उसकी मां ने कहा, सर्वनाश, तुम बर्बादी की राह पर क्यों जा रही है? स्टार्टअप को लेकर ये सोच हमारे देश में थी और आज हम कहां से कहां पहुंच गए, विज्ञान भवन से भारत मंडपम तक, जहां जगह नहीं है। नेशनल स्टार्टअप डे का ये अवसर, स्टार्टअप फाउंडर्स और इनोवेटर्स का ये समूह, मैं अपने सामने नए और विकसित होते भारत का भविष्य देख रहा हूं।

**10 साल में स्टार्टअप्स से 21 लाख नौकरियां : गोयल**

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि एक दशक पहले प्रधानमंत्री ने देश के समक्ष एक नई सोच रखी थी। हम सबको गर्व है कि आपके नेतृत्व में देश भर में बदलाव दिख रहा है, 2016 में जब स्टार्टअप इंडिया लॉन्च हुआ तो मात्र 400 के करीब स्टार्टअप हुआ करते थे। आज इस मुहिम ने एक विशाल रूप ले लिया है और 2 लाख से अधिक स्टार्टअप हैं। अनुमान है कि इन स्टार्टअप के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से 21 लाख से अधिक नौकरियां अभी तक प्रदान कर दी गई है।


---

अवैध वॉकी-टॉकी बेचना पड़ा भारी

# अमेजन, फ्लिपकार्ट, मीशो पर लगाया गया 44 लाख जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीसीपीए यानी केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने 8 ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर 44 लाख रुपये का जुर्माना ठोंका है। जुर्माना लगाया गया है, एक विवादित आइटम बेचने की वजह से। सीसीपीए ने इसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 और दूरसंचार कानूनों का उल्लंघन माना है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने बताया कि सीसीपीए ने उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन, भ्रामक विज्ञापन और अनुचित व्यापार प्रथाओं के लिए मीशो, मेटा (फेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट, अमेजन और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर जुर्माना लगाया है। सीसीपीए ने पाया कि इन ऑनलाइन ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स की वेबसाइट पर अनधिकृत वॉकी-टॉकी लिस्ट हैं और बेचे जा रहे हैं। ये प्लेटफॉर्म लाइसेंस से छूट वाले आवृत्ति बैंड के बाहर संचालित हो रहे पर्सनल मोबाइल रेडियो (पीएमआर) बेच रहे थे, जिनसे अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकता है। वे बिना ईटीए सर्टिफिकेशन यानी 'उपकरण प्रकार अनुमोदन' प्रमाणन या लाइसेंसिंग जरूरतों के सही डिस्क्लोजर के ऐसा कर रहे थे।




### इसमें है केवल लाइसेंस छूट

मौजूदा नियमों के तहत, लाइसेंस छूट केवल 446.0-446.2 मेगाहर्ट्ज बैंड में ही संचालित होने वाले पर्सनल मोबाइल रेडियो (पीएमआर) पर लागू होती है। स्मॉल-कैटगरी रेडियो आवृत्ति उपकरणों के उपयोग संबंधी नियम 2018 का नियम-5 कहता है कि वॉकी-टॉकी बनाने वाली कंपनियों और बेचने वालों को ऐसे उपकरणों के आयात, बिक्री या संचालन से पहले ईटीए (अनुमति और प्रमाणीकरण) प्राप्त करना जरूरी होता है।

### इन्हें नोटिस हुए जारी

इन प्लेटफॉर्म्स पर 16,970 से अधिक गैर-अनुपालन वाले उत्पाद के सूचीबद्ध किए जाने की पहचान के बाद 13 ई-कॉमर्स मंचों चिमिया, जियोमार्ट, टॉक प्रो, मीशो, मास्कमैन टॉयज, ट्रेडइंडिया, अंतरिक्ष टेक्नोलॉजीज, वरदानमार्ट, इंडियामार्ट, मेटा प्लेटफॉर्म्स इंक (फेसबुक मार्केटप्लेस), फ्लिपकार्ट, कृष्णा मार्ट और अमेजन को नोटिस जारी किए गए।

### क्यों गंभीर है यह मामला

*यह सिर्फ नियम तोड़ने का मामला नहीं है, बल्कि देश की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा है. अनधिकृत रेडियो डिवाइस पुलिस, आपदा प्रबंधन और आपातकालीन सेवाओं के संचार नेटवर्क में दखल दे सकते हैं. इससे सार्वजनिक व्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा को सीधा खतरा हो सकता है।*

---

मणिकर्णिका घाट मामले में यूपी कांग्रेस अध्यक्ष ने लगाया आरोप

# 'मोदी-योगी सरकार कर रही है हजारों साल पुरानी धार्मिक विरासत ध्वस्त'



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस ने वाराणसी (काशी) के मणिकर्णिका घाट पर मंदिरों और प्रतिमाओं को ध्वस्त किए जाने पर कड़ा विरोध जताते हुए कहा है कि विकास के नाम पर विरासत का विनाश किया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि हिंदुत्व का दिखावा करने वाली केंद्र की मोदी और उत्तर प्रदेश की योगी सरकार हजारों साल पुरानी धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त कर रही है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और राष्ट्रीय मीडिया समन्वयक अभय दुबे ने कहा कि विकास और सुंदरीकरण के नाम पर प्रधानमंत्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी (काशी) के हजारों साल पुराने मंदिरों को तोड़ा जा रहा है और घाटों को तबाह किया जा रहा है।

### सैकड़ों साल पुराने मंदिर और शिवलिंग ध्वस्त

कांग्रेस नेता अजय राय ने मणिकर्णिका घाट के सौंदर्यीकरण के नाम पर बुलडोजर चलवाए जाने पर निशाना साधते हुए कहा कि 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा घाट का सुंदरीकरण करने के लिए शिलान्यास किया गया था, लेकिन सौंदर्यीकरण के नाम पर घाट को पूरी तरह तबाह कर दिया गया। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर द्वारा जीर्णोद्धार किए गए इस घाट पर उनकी मूर्तियों, सैकड़ों साल पुराने मंदिरों और शिवलिंग को ध्वस्त करने के साथ-साथ जिस स्थान पर माता पार्वती की मणि गिरी, उस जगह को भी तोड़ दिया गया है।

### ये है मांग

कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि मणिकर्णिका घाट पर चल रहा कार्य तत्काल रोका जाए। काशी के धर्माचार्यों से बातचीत कर आगे का कार्य किया जाए। दालमंडी को बुलडोज होने से बचाया जाए और वहां के व्यापारियों-निवासियों के पुनर्वास की पूरी व्यवस्था की जाए।

---

## तमिलनाडु में जल्लीकट्टू...



मदुरै। मदुरै में शुक्रवार को तमिलनाडु के पोंगल फसल उत्सव समारोह के बीच मट्टू पोंगल के मौके पर आयोजित पारंपरिक बैल को काबू करने वाले खेल जल्लीकट्टू के दौरान प्रतिभागी बैल को काबू करने की कोशिश करते हुए।

---

नीदरलैंड से मां को ढूंढ़ने के लिए भारत आए डच मेयर फाल्गुन

# हर कर्ण को है मां कुंती से मिलने का अधिकार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

10 फरवरी 1985 को महाराष्ट्र के नागपुर में एक बच्चे का जन्म हुआ। जन्म के महज तीन दिन बाद ही उसकी मां ने उसे छोड़ दिया। 1 महीने तक वो बच्चा अनाथ आश्रम में रहा और फिर मुंबई घूमने आए डच कपल ने बच्चे को गोद ले लिया। वो उसे अपने साथ नीदरलैंड ले गए। इस घटना को 41 साल हो गए हैं। नीदरलैंड में बच्चे की परवरिश हुई और आज वो नीदरलैंड के एक शहर का मेयर बन चुका है। उनका नाम है फाल्गुन बिनेनडिज्क, जो 41 साल की उम्र में अपनी मां को ढूंढने के लिए भारत आए हैं। आधिकारिक रिकॉर्ड्स के अनुसार, फाल्गुन की मां 21 वर्षीय अविवाहित युवती थी, जिसमें समाज के डर से अपने बच्चे को तीन दिन बाद की नागपुर के एमएसएस में छोड़ दिया था। ये जगह अनाथ बच्चों और पीड़ित महिलाओं के लिए है।

**41 साल पहले जैविक मां ने शेल्टर होम में छोड़ा था**

**नागपुर में जन्म के तीन दिन बाद ही मां ने छोड़ दिया था**



### नर्स ने दिया 'फाल्गुन' नाम

एमएसएस की एक नर्स ने बच्चे को नाम दिया था। दरअसल हिंदू कैलेंडर के अनुसार, फरवरी के महीने को फाल्गुन कहा जाता है। बच्चे का जन्म भी फरवरी में हुआ था, जिसके कारण नर्स ने उन्हें फाल्गुन कहना शुरू कर दिया। कुछ हफ्तों बाद फाल्गुन को मुंबई लाया गया, जहां 1 डच कपल ने उन्हें गोद ले लिया और नीदरलैंड ले गए।

### 18 साल की उम्र में आए पहली बार भारत

फाल्गुन पहली बार 18 साल की उम्र में 2006 में भारत आए थे। इस दौरान उन्होंने दक्षिण भारत की सैर की थी। मगर, इस बार फाल्गुन ने अलग मकसद से वापसी की है। उन्होंने नागपुर स्थित एमएसएस का दौरा किया। फाल्गुन ने कहा, मैंने महाभारत पढ़ी है और मुझे लगता है कि हर कर्ण को कुंती से मिलने का अधिकार है।

### हीमस्टेड शहर के मेयर

बता दें कि फाल्गुन हीमस्टेड शहर के मेयर हैं। हीमस्टेड नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम से महज 30 किलोमीटर की दूरी पर है। फाल्गुन ने अपनी मां को ढूंढने के लिए कई एनजीओ, नगर पालिकाओं और पुलिस की मदद मांगी है। फाल्गुन का कहना है, 'मुझे लगता है कि वो अभी तक मुझे छोड़ने के सदमे में होंगी। मैं सिर्फ उनसे मिलकर उन्हें बताना चाहता हूं कि मैं ठीक हूं और खुश हूं। मैं उन्हें एक बार देखना चाहता हूं।'

---

टीएमसी नेताओं पर धमकी देने का आरोप

# पश्चिम बंगाल : एक और बीएलओ ने की आत्महत्या

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोलकाता के जादवपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बूथ संख्या 110 के बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) अशोक दास की आत्महत्या के मामले ने राज्य की राजनीति और प्रशासन पर एक बार फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

इस मामले में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की पार्षद अनन्या बनर्जी और टीएमसी के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) राजू बिस्वास पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। परिजनों का आरोप है कि अशोक दास पर लगातार दबाव बनाया जा रहा था कि वे अवैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से रद्द न करें। आरोप है कि यदि उन्होंने ऐसा नहीं किया तो उनकी पत्नी और बच्चे को नुकसान पहुंचाने की धमकियां दी गईं।

### पत्नी ने जारी किया ऑडियो

इस मामले में अशोक दास की पत्नी ने ऑडियो जारी किया है जिसमें उन्होंने अपने पति पर बनाए गए कथित दबाव, डर और धमकियों का जिक्र किया है। ऑडियो सामने आने के बाद मामले ने और भी गंभीर रूप ले लिया है। घटना ने एक बार फिर राज्य में मतदाता सूची की शुद्धता, चुनावी पारदर्शिता और प्रशासनिक अधिकारियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विपक्ष ने इस घटना को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है।

रायपुर

शनिवार 17 जनवरी 2026

माघ कृष्ण पक्ष चतुर्दशी

वर्ष : 24, अंक : 178

पृष्ठ : 12+4 = 16 मूल्य : 5.00**


**मौसम**

अधि. 28.9

न्यून. 12.0

# हरिभूमि


छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



3 वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज





विचार पेज

2 विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया







# कला की देवी संग खिलवाड़, ऑनलाइन प्लेटफार्म पर आधे-अधूरे आपत्तिजनक परिधान के साथ मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

बसंत ऋतु की आहट होने लगी है। 23 जनवरी को बसंत पंचमी मनाई जाएगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, इस दिन से बसंत ऋतु प्रारंभ हो जाएगी। बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की आराधना के साथ बसंतोत्सव प्रारंभ होगा। इसके पूर्व घरों में बसंत पंचमी की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मां सरस्वती की मूर्तियों की बिक्री ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों ही माध्यमों में प्रारंभ हो गई हैं। ऑफलाइन विक्रय के उपलब्ध प्रतिमाएं अपने पारंपरिक स्वरूप में हैं, लेकिन ऑनलाइन उपलब्ध प्रतिमाओं में से कई इतने आपत्तिजनक स्वरूप में हैं कि उन्हें देखकर भावनाएं आहत हो रही हैं। अमेजन में बिक्री के लिए उपलब्ध मां सरस्वती की एक प्रतिमा में उन्हें हाथों में वीणा पकड़े हुए आधा-अधूरे वस्त्र में दिखाया गया है। अमेजन में इस प्रतिमा की कोई भी समीक्षा उपलब्ध नहीं है अर्थात अब तक इसे किसी भी व्यक्ति ने नहीं खरीदा है। वेबसाइट पर विभिन्न धातुओं की मूर्तियां उपलब्ध हैं। कई कलात्मक मूर्तियां आउट ऑफ स्टॉक हो चुकी हैं, लेकिन आपत्तिजनक वस्त्रों वाली प्रतिमाएं नहीं बिक रही हैं। इसके अलावा ऑनलाइन मौजूद तस्वीरों का प्रिंटआउट निकालकर भी भक्तजन पूजन करते हैं। कुछ वेबसाइट में सरस्वती माता की आपत्तिजनक तस्वीरें मौजूद हैं। pngtree.com भी इनमें से एक है। इस वेबसाइट के लिंक https://pngtree.com/freepng/saraswati-goddess-statue-playing-veena-divine-hindu-art_20376522.html ▶▶|शेष पेज 5 पर

## बसंत पंचमी 23 को, ऑनलाइन-ऑफलाइन प्रारंभ हुई प्रतिमाओं की बिक्री

### अमेजन ने कहा, सेलर से संपर्क करें

पूरे मामले पर अमेजन से संपर्क करने उनके द्वारा उपलब्ध कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया गया। उनके द्वारा कहा गया कि इसके लिए सेलर से संपर्क किया जाए। वे केवल खरीदी-बिक्री के लिए प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराते हैं। कस्टमर केयर नंबर पर ऑर्डर अथवा डिलीवरी संबंधित समस्याओं का निदान किया जाता है। अमेजन लिंक **https://amzn.in/d/8PAbOvl** पर यह प्रतिमा मौजूद है। शास्त्रों और पुराणों में मां सरस्वती को श्वेत वर्ण वाली तथा श्वेत वस्त्र धारण करने वाली, कमल पर विराजित और शीश में मुकुट धारण किए वर्णित किया गया है। प्रतिमाओं का स्वरूप मां सरस्वती की इस छवि से मेल नहीं खाता। उन्हें हाथों में वीणा धारण कराया गया है और हंस उनके नजदीक है।




### बिक्री रोके अमेजन

परंपराओं का अपमान नहीं सहेंगे। अधोवस्त्र अमेजन साइट के खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करे, साथ ही अमेजन बिक्री रोके

- **योगेश सैनी,** जिलाध्यक्ष, बजरंग दल


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### जस्टिस वर्मा पर चलेगा महाभियोग सुप्रीम कोर्ट से याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने घर में नकदी मिलने के मामले में फंसे न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने महाभियोग की कार्यवाही को चुनौती दी थी। इलाहाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश वर्मा ने याचिका में लोकसभा अध्यक्ष द्वारा उनके महाभियोग के लिए न्यायाधीश (जांच) अधिनियम के तहत 3 सदस्यीय समिति गठित करने के फैसले को रद्द करने की मांग की थी।

### हरिद्वार में लगे 'अहिंदू निषेध क्षेत्र' लिखे बोर्ड

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में हरिद्वार कुंभ क्षेत्र को हिंदू क्षेत्र घोषित करने तथा उसके तहत आने वाले सभी धार्मिक स्थानों और गंगा घाटों को गैर हिंदू प्रवेश के लिए प्रतिबंधित किए जाने की मांग के बीच शुक्रवार को हर की पौड़ी में 'अहिंदू निषेध क्षेत्र' लिखे बोर्ड लगा दिए गए।

## भाजपा ने महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर महापालिका पर दर्ज कराई जीत

# 45 बरस इंतजार के बाद पहली बार भाजपा बनी 'मुबंई का किंग', ठाकरे ब्रदर्स को झटका

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बीएमसी चुनाव में भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया है। बीजेपी पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने की स्थिति में पहुंच गई है। बीएमएसी के इतिहास में अभी तक बीजेपी का कोई नेता मेयर नहीं बन सका है। बीजेपी ने अपने गठन 1980 के 45 साल बाद मुंबई में मेयर बनाने की अपनी मेहनत सफल कर ली। भाजपा ने महाराष्ट्र में बीएमसी सहित 29 नगर महापालिका के लिए हुए चुनाव में विपक्ष का पूरी तरह सफाया कर दिया। राज्य के 29 नगर निगमों में बीजेपी गठबंधन जीत की कगार पर है। मुंबई, पुणे, नागपुर, नासिक में गठबंधन को बड़ी बढ़त हासिल है। ज्ञात हो कि पिछली बार 2017 में हुए बीएमसी चुनाव में बीजेपी ने 82 सीटें जीती थी और शिवसेना को 84 सीटें मिली थीं। हालांकि, महाराष्ट्र में गठबंधन की सरकार होने के चलते बीजेपी ने शिवसेना को समर्थन कर दिया था, लेकिन इस बार सियासी बाजी पलट दी। महाराष्ट्र में चुनाव परिणाम आने के साथ ही भाजपा व सहयोगी दलों में जश्न का माहौल है। महाराष्ट निकाय चुनाव के परिणामों ने ठाकरे ब्रदर्स को बड़ा झटका दिया है जिससे उनकी सियासी जमीन हिल गई है।



### अब मुंबई में होगा भाजपा का अपना मेयर

भारतीय जनता पार्टी का गठन 1980 में हुआ है। इस तरह 45 साल के बाद पहली बार मुंबई के बीएमसी चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। बीएमसी में बीजेपी का जलवा दिख रहा है। ऐसे में बीजेपी मुंबई में अपनी सरकार बनाने की स्थिति में खड़ी नजर आ रही है। बीजेपी मुंबई में पहली बार अपना मेयर बनाने की पॉजिशन में पहुंच गई है।



### देर रात तक चली गिनती ऐसी रही दलों की स्थिति

राज्य चुनाव आयुक्त के मुताबिक मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम में 227 वार्ड में से 204 में नतीजे आ गए हैं। मुंबई बीएमसी में बीजेपी गठबंधन ने बहुमत से ज्यादा 119 वार्ड जीतकर अपना कब्जा जमा लिया है। वहीं कांग्रेस ने 19, शिवसेना (यूबीटी) ने 60 और मनसे ने पांच सीटें जीती हैं। बीएमसी के कई वार्डों की गिनती देर रात तक जारी रही जिसमें अधिकांश में भाजपा बढ़त में रही। प्रदेश की 29 नगर निगमों की 2,869 सीटों में से 2,784 सीटों का रिजल्ट आ गया है। 85 सीटों की गिनती देर रात तक जारी रही। महाराष्ट्र निकाय चुनाव में भाजपा 1440 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 394 सीटें, कांग्रेस को 315, अजित पवार की एनसीपी को 158, और उद्धव ठाकरे की शिवसेना को 149 सीटें मिलीं।

### भाजपा विकास से बढ़ रही आगे : त्रिवेदी

भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने बीएमसी चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि महाराष्ट्र की भाषा में कहते हैं जय-जय महाराष्ट्र माझा। आज महाराष्ट्र की जनता ने हमें जो समर्थन दिया है, इसके लिए विनम्रता से आभार। ये छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमि है। जैसे शिवाजी की चतुरंगिणी सेना मन में उमंग धारण करके चलती थी, वैसे ही देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में भाजपा आगे बढ़ रही है।

### जनता को भ्रमित कर रहा आयोग : राहुल गांधी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर जनता को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग जनता को गुमराह कर रहा है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट में कुछ अखबारों का स्क्रीनशॉट साझा किया।

# मुरूम से भरे हाईवा ने दोपहिया को रौंदा, पिता-पुत्र समेत तीन की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नेशनल हाईवे-53 में शुक्रवार तड़के पारागांव के पास हुए भीषण सड़क हादसे में पिता–पुत्र सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भयावह थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और शव सड़क पर क्षत-विक्षत अवस्था में जा गिरे। घटना की जानकारी मिलने के बाद से ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आरंग थाना क्षेत्र के बागेश्वर पारा निवासी श्रवण जलक्षत्री पिता रामानंद जलक्षत्री (40), मंगलू जलक्षत्री पिता सनी जलक्षत्री (28) तथा उनका 6 वर्षीय मासूम पुत्र तिलक जलक्षत्री शुक्रवार सुबह महानदी में ▶▶|शेष पेज 5 पर

### हाईवा जब्त

प्रत्यक्षदर्शियों केअनुसार हादसे के बाद कुछ देर तक हाईवे परअफरा-तफरी का माहौल बना रहा और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही आरंग पुलिस मौके पर पहुंची, शवों के अवशेषों को एकत्र कर पंचनामा कार्रवाई के बाद शव परीक्षण गृह भिजवाया गया।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

इधर जैसे ही हादसे की खबर बागेश्वर पारा पहुंची, पूरे मोहल्ले में मातम छा गया। एक ही परिवार के पिता और मासूम बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। तिलक की असमय मौत ने हर आंख नम कर दी। पड़ोसी और रिश्तेदार शोक-संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे-53 पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर नाराजगी जताई है।

**40 लाख तक जुर्माना**

# नकली कीटनाशक बनाने-बेचने पर होगी तीन साल की कैद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

नकली, खतरनाक व अधोमानक कीटनाशकों का कारोबार करने वालों को अब कड़ी सजा मिलेगी। इस तरह के कीटनाशकों का निर्माण करने, कारोबार करने, आयात करने, बेचने वालों को तीन साल तक जेल की सजा या 10 लाख से 40 लाख रुपये तक जुर्माना देना पड़ सकता है। या दोनों सजाएं भुगतनी पड़ सकती हैं। कीटनाशकों के इस कारोबार से अगर किसी मृत्यु हो जाती है या गंभीर चोट लगती है 10 लाख रुपये से 50 लाख रुपये तक जुर्माना या पांच साल की जेल या दोनों की सजा मिल सकती है।

### आम जनता से 4 फरवरी तक मांगे सुझाव

इस संबंध में केंद्र सरकार नया कीटनाशक प्रबंधन एक्ट लाने की तैयारी में है। इसके लिए कृषि मंत्रालय ने कीटनाशक प्रबंधन विधेयक, 2025 के मसौदा तैयार किया है और इस पर जनता से 4 फरवरी तक अपने सुझाव मांगे हैं।

### मानकों पर खरे नहीं उतरने पर भी जुर्माना

यही नहीं कीटनाशक अगर सुरक्षा मानकों पर खरे नहीं उतरते हैं या लाइसेंस व प्रमाणपत्र लेने में नियमों का उल्लंघन पाया गया तो 50 हजार रुपये से दो लाख रुपये तक जुर्माना देना पड़ेगा। जुर्माने की रकम पर अंतिम निर्णय सरकार बाद में करेगी।

### हानिकारक रसायनों की होगी रोकथाम

मसौदे के मुताबिक कीटनाशक परीक्षण प्रयोगशालाओं का अनिवार्य रूप से एक्रीडियेशन होगा ताकि किसानों को केवल गुणवत्तापूर्ण कीटनाशक ही उपलब्ध रहें। नया कानून किसानों को असली उत्पाद उपलब्ध कराएगा। इससे हानिकारक रसायनों पर रोकथाम हो सकेगी और कृषि उत्पादन बढ़ेगा। जेल, जुर्माने और लाइसेंस रद्द करने जैसे दंडों का प्रावधान भी इसमें किया गया है। इसमें प्रवर्तन तंत्र की भी जवाबदेही सुनिश्चित की गई है।




## चिंतन

# लोक कल्याण की राजनीति और कुशल प्रबंधन की जीत

महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों के नतीजे केवल स्थानीय सत्ता संतुलन का संकेत नहीं हैं, बल्कि वे राज्य और राष्ट्रीय राजनीति की दिशा को भी स्पष्ट करते हैं। खासतौर पर मुंबई में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत ने यह संदेश दिया है कि लोक कल्याणकारी नीतियों के साथ-साथ सशक्त आंतरिक प्रबंधन और संगठनात्मक अनुशासन आज की राजनीति में निर्णायक भूमिका निभा रहे हैं। यह जीत भाजपा के लिए केवल चुनावी सफलता नहीं, बल्कि उसकी रणनीति, नेतृत्व और जनविश्वास की पुष्टि है। लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। महाराष्ट्र में कुल 29 नगर निगमों के चुनावों में से 23 कॉरपोरेशनों में भाजपा-महायुति को स्पष्ट बहुमत मिला है। वहीं, मुंबई के बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में भाजपा+शिवसेना (शिंदे) अलायंस कुल 227 सीटों में से 118 सीटें मिलती दिख रही हैं। बिहार के बाद महाराष्ट्र की जनता ने भी स्पष्ट संदेश दिया है कि एनडीए और भाजपा का नेतृत्व ही देश को सही दिशा दे रहा है। इस जीत ने दिखा दिया कि भाजपा की नीतियों, कार्यशैली और निर्णायक नेतृत्व पर देश की जनता का अटूट विश्वास है। लोगों को जनकल्याण और विकास ही चाहिए। अब वे परिवारवाद और खाली बयानबाजी करने वालों के झांसे में नहीं आने वाले। इस जीत ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस के कद को भी बढ़ा दिया है। यह परिणाम कांग्रेस, उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे और शरद पवार के लिए एक ओर खतरे की घंटी है, वहीं पुणे और पिंपरी-चिंचवाड़ नगर निगम चुनाव के नतीजों ने पवार पावर को लेकर स्पष्ट राजनीतिक संदेश दिया है। जिस पवार ब्रांड को कभी सत्ता के इन शहरी केंद्रों में अजेय माना जाता था, वह अब अकेले जीत की गारंटी नहीं रह गया है। इस बार यहां शरद पवार और अजीत पवार की अगुआई वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के दोनों गुटों के रणनीतिक तालमेल के बावजूद वोटरों ने तगड़ा झटका दे दिया है। दूसरी तरफ, करीब 20 साल बाद करीब आए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे की जोड़ी भी कुछ खास दम नहीं दिखा पाई। चुनाव नतीजों ने साफ कर दिया कि ठाकरे बंधुओं की जोड़ी जनता को भरोसे में नहीं ले सकी, यानी यह प्रयोग राजनीतिक तौर पर असफल रहा। भाजपा और उसके सहयोगियों का आगे रहना इस बात का प्रमाण है कि पार्टी ने शहरी मतदाताओं की नब्ज को अच्छी तरह समझा। मुंबई, नागपुर और पुणे जैसे बड़े महानगरों में भारी बढ़त ने यह दिखा दिया कि भाजपा की पकड़ केवल ग्रामीण या अर्ध-शहरी क्षेत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि महानगरीय मतदाता भी उसकी नीतियों से संतुष्ट नजर आ रहे हैं। इन शहरों में बुनियादी सुविधाओं, बुनियादी ढांचे, डिजिटल सेवाओं और प्रशासनिक सुधारों ने मतदाताओं पर सकारात्मक प्रभाव डाला। बता दें कि महाराष्ट्र नगर निगम में 1997 से 2022 तक शिवसेना का वर्चस्व रहा और उसके 12 मेयर रहे। अब चार साल बाद चुनाव हो रहे हैं और भाजपा पहली बार मुंबई में अपना मेयर बनाने जा रही है। एशिया की सबसे बड़ी मुंबई नगरपालिका का 74000 करोड़ का बजट देश के कई राज्यों के बजट से भी ज्यादा है। कुल मिलाकर, महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आज की राजनीति में लोक कल्याण, सुशासन और कुशल संगठनात्मक प्रबंधन सबसे बड़े हथियार हैं। भाजपा की जीत केवल विरोधियों की कमजोरी का परिणाम नहीं, बल्कि अपनी रणनीतिक मजबूती और जनविश्वास की देन है।



ईरान बनाम अमेरिका
डॉ. घनश्याम बादल

# विनाशक युद्ध की आहट और दुनिया

ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

ईरान में चल रहे विरोध प्रदर्शन अब केवल आर्थिक शिकायतों तक सीमित नहीं हैं। महंगाई, बेरोज़गारी और गिरती जीवन-स्तर की पीड़ा ने जिस असंतोष को जन्म दिया है, ईरान में जिस गति से महंगाई बढ़ी है, उससे वहां के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। ईरानी मुद्रा रियाल डॉलर के मुकाबले रसातल में जा चुकी है। अब तो विद्रोहियों के समर्थन में उमड़ता हुआ जन सैलाब सीधे-सीधे शासन व्यवस्था की वैधता पर सवाल बन चुका है। 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद यह पहली बार है, जब ईरान का धर्मतंत्र जनता के इतने बड़े हिस्से से वैचारिक रूप से कटता हुआ दिखाई देता है। महिलाओं, युवाओं, छात्रों और शहरी मध्यम वर्ग की भागीदारी ने इन प्रदर्शनों को साधारण विरोध से कहीं आगे पहुंचा दिया है और एक तरह से सीरिया जैसे हालातों की तरफ बढ़ता दिखाई दे रहा है। जहां सरकार विरोधी विद्रोही हिंसा एवं आगजनी पर उतरे हुए हैं तथा सरकार के तख्त पलट के पक्ष में खड़े दिखाई देते हैं। वहीं सरकार की प्रतिक्रिया भी उतनी ही कठोर से कठोरता होती जा रही है। इंटरनेट ब्लैकआउट, सामूहिक गिरफ्तारियां, सुरक्षा बलों की गोलीबारी और मृत्युदंड ये सब संकेत देते हैं कि ईरान में खामनेई सत्ता पर किसी भी कीमत पर नियंत्रण छोड़ने को तैयार नहीं हैं।

हालांकि ईरानी नेतृत्व इसे विदेशी साजिश करार देता है, लेकिन यह तर्क अब घरेलू स्तर पर भी असर खोता जा रहा है। सवाल यह नहीं कि विरोध क्यों हो रहे हैं, सवाल यह है कि क्या मौजूदा व्यवस्था उन्हें लंबे समय तक दबा पाएगी? आंतरिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका और ईरान के बीच तनाव एक बार फिर ख़तरनाक ऊंचाई पर पहुंच गया है। अमेरिका मानवाधिकार उल्लंघनों और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को आधार बनाकर लगातार दबाव बना रहा है। प्रतिबंधों का नया दौर, सैन्य चेतावनियां और मध्य-पूर्व में अमेरिकी नौसैनिक तैनाती इस बात का संकेत हैं कि वाशिंगटन 'देखो और इंतजार करो' की नीति से आगे बढ़ने का विकल्प खुला रखे हुए है। हालांकि, यह समझना ज़रूरी है कि अमेरिका भी पूर्ण युद्ध नहीं चाहता। इसकी वज़ह वाशिंगटन की उदारता या शांतिप्रियता नहीं, अपितु यूक्रेन युद्ध, इज़राइल-गाज़ा संघर्ष और घरेलू राजनीतिक दबावों के बीच एक और



बड़े युद्ध का बोझ उठाना वाशिंगटन के लिए आसान नहीं होगा। यही कारण है कि अमेरिका की रणनीति फिलहाल सीमित सैन्य कार्रवाई, आर्थिक दबाव और कूटनीतिक धमकियों तक सिमटी दिखती है।

इतिहास गवाह है कि युद्ध अक्सर योजनाओं से नहीं, दुर्घटनाओं से शुरू होते हैं। यह तो तय है कि अगर अमेरिका और ईरान के बीच सीधा युद्ध होता है, तो उसके प्रभाव केवल इन दो देशों तक सीमित नहीं रहेंगे। ईरान के लिए इसका अर्थ होगा-तेल रिफाइनरियों, सैन्य ठिकानों और परमाणु संयंत्रों पर हमले, अर्थव्यवस्था का लगभग ठप हो जाना और संभवतः गृहयुद्ध जैसी स्थिति। बेशक सबसे भारी कीमत आम नागरिकों को चुकानी पड़ेगी, जिनके लिए शांति पहले ही दुर्लभ हो चुकी है। अमेरिका के लिए यह युद्ध सैन्य रूप से भले ही नियंत्रित रहे, लेकिन राजनीतिक और रणनीतिक रूप से महंगा साबित होगा।

मध्य-पूर्व में फैले अमेरिकी सैन्य अड्डे प्रतिशोध के निशाने पर होंगे। घरेलू स्तर पर युद्ध-विरोधी माहौल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमेरिका की 'नैतिक नेतृत्व' वाली छवि को और भी ज़्यादा झटका लगेगा। इससे भी अहम बात यह है कि अमेरिका का ध्यान एशिया-प्रशांत क्षेत्र से हटेगा, जो उसके दीर्घकालिक रणनीतिक हितों के विपरीत है। वैश्विक स्तर पर इसका सबसे तात्कालिक असर ऊर्जा बाजारों पर पड़ेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य में ज़रा-सी अस्थिरता भी तेल की कीमतों को 120–150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा सकती है। इसका सीधा अर्थ है -वैश्विक महंगाई, आर्थिक मंदी और विकासशील देशों पर असहनीय दबाव। यूरोप, जो पहले ही ऊर्जा संकट से जूझ रहा है, सबसे अधिक प्रभावित होगा। इस परिदृश्य में चीन और रूस की भूमिका भी समझना ज़रूरी है। दोनों ही देश ईरान के संकट को अपने-अपने रणनीतिक लाभ के रूप में देख रहे हैं। चीन अमेरिका को मध्य-पूर्व में उलझा देखना चाहता है ताकि एशिया में उसकी पकड़ ढीली पड़े। रूस के लिए यह पश्चिमी एकता को कमजोर करने और ऊर्जा कीमतों से लाभ उठाने का अवसर है, लेकिन चीन या रूस कोई भी ईरान के लिए अमेरिका से सीधा युद्ध लड़ने को तैयार नहीं है।

ईरान उनके लिए साझेदार कम, रणनीतिक साधन अधिक है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष चिंता का सबब है। तेल आयात पर निर्भर भारतीय अर्थव्यवस्था पर महंगाई का सीधा असर पड़ेगा। रुपये पर दबाव बढ़ेगा, शेयर बाजारों में अस्थिरता आएगी और खाड़ी देशों में काम कर रहे लाखों भारतीयों की सुरक्षा एक गंभीर प्रश्न बन जाएगी। साथ ही, ईरान के साथ चाबहार बंदरगाह और अफगानिस्तान संपर्क जैसी रणनीतिक परियोजनाएं भी प्रभावित होंगी। हालांकि, संकट के बीच अवसर भी छिपे होते हैं। भारत की संतुलित और स्वायत्त विदेश नीति उसे एक संभावित मध्यस्थ की भूमिका में ला सकती है, लेकिन इसके लिए शर्त यह है कि भारत किसी भी खेमे में खड़ा होने की जल्दबाज़ी न करे।

अस्तु,, ईरान का संकट केवल एक देश की संप्रभुता एवं संकट की कहानी नहीं, उस वैश्विक व्यवस्था का आईना है, जहां दमन, असमानता और शक्ति-राजनीति मिलकर अस्थिरता को जन्म देती हैं। युद्ध शायद अभी टल सकता है, लेकिन उसके बीज बोए जा चुके हैं। सवाल यह नहीं कि दुनिया इस आग को देख रही है या नहीं, सवाल यह है कि क्या वह इसे फैलने से रोकने के लिए समय रहते कुछ करेगी।

( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> ईरान आज जिस दौर से गुजर रहा है, वह केवल एक देश की आंतरिक अशांति नहीं है, बल्कि वैश्विक राजनीति का वह विस्फोटक मोड़ है, जहां से छद्म लोकतंत्र और मजहबी कट्टरता के टकराव से उठी एक चिंगारी पूरी दुनिया को झुलसा सकती है। आज उनके अयातुल्लाह काम नहीं, शासन के ख़िलाफ़ तेहरान समेत ईरान के कई शहरों और कस्बों की सड़कों पर उमड़ता विद्रोही जन सैलाब, उबलता जनाक्रोश, सरकार की दमनकारी नीतियां और इसके समानांतर हर हाल में दुनिया का दरोगा बनने की हठधर्मी पर अड़े अमेरिका की सैन्य चेतावनियां, उस त्रिकोण का निर्माण कर रहे हैं, जिसके केंद्र में विनाशकारी युद्ध की आशंका लगातार गहराती जा रही है।

## विश्व पुस्तक मेला

श्वेता गोयल



# रील्स के दौर में रीयल किताबें ही हैं शब्दों का सच्चा संसार

नई दिल्ली के हृदय स्थल भारत मंडपम में इन दिनों हवाओं में एक अलग ही सुंगध घुली हुई है। यह सुगंध किसी इत्र की नहीं, बल्कि पुरानी और नई किताबों के पन्नों, स्याही के अक्षरों और मानवीय मेधा के असीमित विस्तार की है। 10 से 18 जनवरी तक चलने वाला 53वां नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला केवल एक व्यावसायिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारतीय मेधा और वैश्विक संस्कृति के मिलन का एक विराट अनुष्ठान है। पुस्तकें वह सेतु हैं, जो पीढ़ियों को जोड़ती हैं और सभ्यताओं की स्मृतियों को जीवंत रखती हैं। डिजिटल क्रांति के इस प्रचंड वेग के बीच, जहां स्क्रीन की कृत्रिम रोशनी हमारी आंखों को थकान दे रही है, वहां कागज के पन्नों पर अंकित शब्द एक शीतल छांव की तरह प्रतीत होते हैं। इस वर्ष के मेले की आत्मा 'भारतीय सैन्य इतिहासः शौर्य और ज्ञान @75' की थीम में रची-बसी है। यह विषय केवल युद्धों का लेखा-जोखा नहीं है बल्कि उस साहस और बुद्धिमत्ता का वंदन है, जिसने स्वतंत्र भारत की सीमाओं को सुरक्षित रखा है। हॉल नंबर 5 में निर्मित थीम पवेलियन एक ऐसा गलियारा है, जो आगंतुकों को काल-यात्रा पर ले जाता है। यहां अर्जुन टैंक, आईएनएस विक्रांत और एलसीए तेजस की प्रतिकृतियों के बीच जब पाठक 21 परमवीर चक्र विजेताओं की गाथाओं से रूबरू होते हैं तो साहित्य और राष्ट्रभक्ति का एक अनूठा संगम निर्मित होता है। सैन्य इतिहास पर प्रदर्शित पांच सौ से अधिक पुस्तकें यह सिद्ध करती हैं कि तलवार की धार और कलम की शक्ति एक-दूसरे की पूरक हैं। शौर्य जब शब्दों में ढलता है तो वह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अक्षय स्रोत बन जाता है। मेले का यह संस्करण कई मायनों में ऐतिहासिक है। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) और आईटीपीओ के सहयोग से आयोजित इस मेले में पहली बार प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। यह निर्णय इस बात का परिचायक है कि ज्ञान पर किसी का एकाधिकार नहीं होना चाहिए और जिज्ञासा की राह में अर्थ की बाधा नहीं आनी चाहिए। 'किताबों की दुनिया में कदम रखने के लिए अब जेब नहीं, बस जिज्ञासा चाहिए' का यह मंत्र भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। 35 से अधिक देशों के एक हजार से अधिक प्रकाशकों की उपस्थिति इस मेले को एक वैश्विक मंच प्रदान करती है, जहां कतर 'गेस्ट ऑफ ऑनर' और स्पेन 'फोकस कंट्री' के रूप में अपनी सांस्कृतिक विरासत साझा कर रहे हैं। आज के दौर में एक विमर्श अक्सर सुनाई देता है कि 'जेन-जी' यानी नई पीढ़ी किताबों से दूर होकर स्मार्टफोन्स की दुनिया में खो गई है, किंतु भारत मंडपम के गलियारों में उमड़ती युवाओं की भीड़ इस धारणा को सिरे से खारिज करती है।

तकनीक के शोर में पले-बढ़े ये युवा पिक्सल्स के बजाय पन्नों में अपना भविष्य तलाशते दिख रहे हैं। कतर पवेलियन में हवा में तैरते अक्षरों की जादुई दुनिया को निहारते हुए या रस्साकसी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों की पुस्तकों में अपनी जड़ों को खोजते हुए ये युवा यह प्रमाणित कर रहे हैं कि डिजिटल चमक क्षणिक हो सकती है लेकिन शब्दों की गहराई शाश्वत है। युवाओं का यात्रा वृत्तांतों, क्लासिक साहित्य और अपराध गाथाओं के प्रति यह आकर्षण दर्शाता है कि मानवीय संवेदनाएं आज भी एक अच्छी कहानी की तलाश में रहती हैं। शिक्षा मंत्री ने डिजिटल समय में ज्ञान को सुलभ और समावेशी बनाने की जिस प्राथमिकता का उल्लेख किया, वह 'राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय' के रूप में साकार होती दिख रही है। 23 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध छह हजार से अधिक मुफ्त ई-पुस्तकें यह सुनिश्चित करती हैं कि भाषा अब ज्ञान के मार्ग में अवरोध नहीं बल्कि एक सेतु बने। टेक्स्ट-टू-स्पीच जैसी सुविधाओं के साथ यह समावेशी प्रयास उन लोगों तक भी साहित्य पहुंचा रहा है, जो शारीरिक सीमाओं के कारण अब तक इससे वंचित थे। यह तकनीकी प्रगति और पठन संस्कृति का वह संतुलन है, जिसकी आज के युग को सर्वाधिक आवश्यकता है। मेले का एक और भावुक पक्ष 'अनसुने नायकों' को दी गई श्रद्धांजलि है। 'द सागा ऑफ कुडोपलीः द अनसंग स्टोरी ऑफ 1857' जैसी पुस्तकों का विमोचन यह संदेश देता है कि इतिहास केवल राजाओं और महलों का नहीं होता बल्कि उन साधारण लोगों का भी होता है, जिन्होंने असाधारण बलिदान दिए। किताबों के पन्ने पलटते बुजुर्गों की मुस्कुराहट और युवाओं की आंखों में उमड़ती जिज्ञासा यह साफ कर देती है कि पठन संस्कृति का यह महाकुंभ आने वाले समय में एक शिक्षित और जागरूक समाज की आधारशिला बनेगा। यह मेला एक आह्वान है पुस्तकों की ओर लौटने का, विचारों को विस्तार देने का और शब्दों की इस अनंत यात्रा का हिस्सा बनने का।

( लेखिका शिक्षाविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## समय के साथ 'धर्म और अध्यात्म' के अर्थ बदलते जा रहे हैं



संकलित
**दर्शन**

संप्रति कितने ही धर्मात्मा इसका श्रेय लेते हैं कि चूंकि वे किसी धर्म को मानते हैं लिहाजा आध्यात्मिक भी हैं। जबकि यह सही नहीं है। धर्म और अध्यात्म जैसे गूढ़ शब्दों का मर्म विरले ही समझ पाए हैं। वैसे हम सभी किसी न किसी धर्म को मानने वाले हैं। हमारा धर्म जन्म से पूर्व ही निर्धारित हो जाता है। उन्हीं संस्कारों के साथ हम पलते-बढ़ते हैं। हममें से कई अध्यात्म के पथ पर चलने को उत्सुक होते हैं, किंतु देखने में आता है कि धार्मिकता और आध्यात्मिकता के बीच महीन अंतर जान पाने में स्वयं को असमर्थ पाते हैं। दरअसल अपने ईश्वर प्रेम के चरम लक्ष्य की प्राप्ति ही मनुष्य को आध्यात्मिकता की ओर ले जा सकती है-फिर धर्म मार्ग कोई भी हो। हम स्वयं अनेक धार्मिक विधि-विधानों से जीवनपर्यंत बंधे रहते हैं, जो वास्तव में बाहरी क्रियाएं हैं। ज्ञानीजन मानते हैं कि धर्म धैर्यपूर्वक इंद्रियों को वश में कर अपने और प्रियजनों को सुरक्षित, विद्यावान और समृद्ध बनाने की युक्ति है, जो अकारण ही समाज को संप्रदायों में बांट लेने का कारण बन पड़ती है। जबकि अध्यात्म परस्पर मेल का साधन है, जिसका ध्येय दिव्य प्रेम को प्राप्त करना है, जो मनुष्य को उच्चतम अवस्था में ले जा सके। दुर्भाग्यवश समय के साथ धर्म और अध्यात्म के अर्थ अपनी सुविधानुसार बदलते जा रहे हैं। दोनों अपनी मूल अभिव्यक्ति खोने लगे हैं। धर्म को मानने वाले कुछ लोग, जिन पर समाज विश्वास करता है, जब स्वयं दिशाहीन होते जा रहे हैं, तब वे कैसे आमजन को अध्यात्म का गूढ़ अर्थ समझा सकने में सक्षम हो सकते हैं?

## भरे गिलास से, मंदिर की परिक्रमा



संकलित
**प्रेरणा**

एक महिला रोज मंदिर जाती थी एक दिन उस महिला ने पुजारी से कहा अब मैं मंदिर नही आया करूँगी इस पर पुजारी ने पूछा क्यो? तब महिला बोलीः मैं देखती हूं लोग मंदिर परिसर में अपने फोन से अपने व्यापार की बात करते हैं कुछ ने तो मंदिर को ही गपसप करने का स्थान चुन रखा है, कुछ पूजा कम पाखंड ज्यादा करते हैं। इस पर पुजारी कुछ देर तक चुप रहे फिर कहाः सही है! परंतु अपना अंतिम निर्णय लेने से पहले आप मेरे कहने से कुछ कर सकती है। महिला बोलीः आप बताइए क्या करना है। पुजारी ने कहाः एक गिलास पानी से भरकर लीजिए और 2 बार मंदिर परिसर के अंदर परिक्रमा लगाइए शर्त ये है कि गिलास का पानी गिरना नही चाहिए। महिला बोलीः में ऐसा कर सकती हूँ फिर थोड़ी ही देर में उस महिला ने ऐसा कर दिखाया। उसके बाद मंदिर के पुजारी ने महिला से 3 सवाल पूछेः

1) क्या आपने किसी को फोन पर बात करते देखा? 2) क्या आपने किसी को मंदिर मे गपसप करते देखा? 3) क्या किसी को पाखंड करते देखा?

महिला बोलीः नही मैंने कुछ भी नही देखा। फिर पुजारी बोलेः जब आप परिक्रमा लगा रही थी तो आपका पूरा ध्यान गिलास पर था कि इस में से पानी न गिर जाए इसलिए आपको कुछ दिखाई नही दिया। अब जब भी आप मंदिर आए तो सिर्फ अपना ध्यान परम पिता परमात्मा में ही लगाना फिर आपको कुछ दिखाई ही नही देगा। सिर्फ भगवान ही सर्ववृत दिखाई देगा, जब ऐसा होगा तो स्वयं ही कल्पना कर लीजिएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग

कुछ कथित उच्च शिक्षित, जाहिल, गंवार लोग जब सार्वजनिक रूप से (विशेषकर सोशल मीडिया पर) सड़कछाप व्यवहार करने लगते हैं तो ऐसे मूर्ख लोगों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता उसी क्षण खत्म हो जाती है। कला और विचार प्रकट करने की आजादी के नाम पर किसी को भी देश, समाज में अश्लीलता फैलाने के उपद्रव को दुनिया का कोई भी सभ्य-सुसंस्कृत संविधान कभी कोई स्वतन्त्रता प्रदान नहीं करता। ऐसे सर्वथा अवांछित, अप्रिय, समाज विरोधी कार्य करने वालों का प्रत्यक्ष या परोक्ष समर्थन करने वाले सभी आधुनिक मनोरोगी भी उतने ही बड़े अपराधी माने जाने चाहिए। सिर्फ मजाक के नाम पर ही नहीं, कई बार गंभीर मुद्रा में प्रदर्शन करते हुए भी कुछ पॉडकास्ट पर दुर्जन लोग गंदी, अश्लील, अभद्र, अशोभनीय बातें करते हैं। आजादी का अनुचित लाभ नहीं उठाना चाहिए। - **रमेश यदु**, रायगढ़

## ट्रेंड

### गठबंधन की प्रचंड जीत



महाराष्ट्र के नगर निगम चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की प्रचंड जीत यह बताती है कि जनता का विश्वास सिर्फ एनडीए की विकास नीति पर है। यह ऐतिहासिक सफलता, महायुति सरकार द्वारा प्रदेश में किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यों पर जनता की मुहर है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### स्टार्टअप इंडिया का दशक



स्टार्टअप इंडिया ने एक दशक पूरा कर लिया है और यह भारत के विकास गाथा में एक महत्वपूर्ण अध्याय का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा परिकल्पित इस पहल ने डीपीआईआईटी द्वारा मान्यता प्राप्त 2 लाख से अधिक स्टार्टअप्स को सशक्त बनाया है, 21 लाख रोजगार सृजित किए हैं।

**- नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**

### विकास की राजनीति



महाराष्ट्र की सभी 29 महानगरपालिकाओं के चुनाव परिणामों ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है कि राज्य की जनता ने स्थिर नेतृत्व, सुशासन और विकास की राजनीति पर अपना भरोसा जताया है।

**-धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री**

### ज़ुल्म और अत्याचार



भाजपा अपने संगी-साथियों को फायदा पहुंचाने के चक्कर में काशी की दाल मंडी में हर घर-दुकानदार को दल रही है। ये ज़ुल्म और अत्याचार जनता अब और नहीं सहेगी। सत्ता भी भाजपाइयों को सिर्फ़पैसे कमाने के लिए ही चाहिए।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

## करंट अफेयर

# ताकतवर देशों को सुधार के लिए आगे रहना चाहिए : संरा


संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंतोनियो गुतारेस ने कहा कि दुनिया के सबसे ताकतवर देशों को सुरक्षा परिषद में सुधार के लिए सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करेंगे, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ सकती है। संरा महासचिव गुतारेस ने बृहस्पतिवार को 193 सदस्यीय महासभा में 2026 के लिए अपनी प्राथमिकताओं पर अपने भाषण में कहा, ''ऐसी संस्थाओं में सुधार होना चाहिए जो आज की दुनिया को दर्शाती हों। 1945 के समस्या समाधान के तरीकों से 2026 की समस्याओं का हल नहीं निकलेगा। अगर ढांचे हमारे समय, हमारी दुनिया, हमारी वास्तविकताओं को नहीं दिखाते हैं तो वे अपनी पहचान खो देंगे।'' उन्होंने समकालिक वास्तविकताओं को दिखाने के लिए वैश्विक संस्था में सुधार का आह्वान करते हुए कहा कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं का वैश्विक जीडीपी में हिस्सा हर दिन थोड़ा–थोड़ा कम हो रहा है, जबकि उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आकार, ताकत और असर बढ़ रहा है। गुतारेस ने कहा, जो लोग आज विशेषाधिकारों से चिपके रहने की कोशिश करते हैं, उन्हें कल इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।



## ऑफ बीट

# आसमानी बिजली के अलग-अलग रूप

सदियों से आसमानी बिजली लोगों का ध्यान खींचती रही है। यह (आसमानी बिजली) मिथक, धर्म और लोकप्रिय संस्कृति में बसी हुई है। बिजली तब उत्पन्न होती है जब बादलों में विद्युत आवेश का निर्माण होता है। यह कुछ हद तक वैसा ही है जैसे जब आप अपने बालों को कंघी करते हैं या ट्रैम्पोलिन पर कूदते हैं तो बाल खड़े हो जाते हैं, लेकिन बादलों में विद्युत आवेश के निर्माण की प्रक्रिया बहुत अधिक तीव्र होती है। बादलों में यह आवेश तब बनता है जब ठोस और तरल जलकण आपस में टकराते हैं, जो गर्म हवा ऊपर उठने और ठंडी हवा नीचे गिरने (संवहन) के कारण होता है। जब आवेश अत्यधिक बढ़ जाता है, तो बिजली हवा के माध्यम से प्रवाहित होती है, जिसे हम चमक के रूप में देखते हैं। हम बिजली की चमक तुरंत देख लेते हैं, लेकिन गरज की आवाज बाद में आती है। आवाज़ को एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग तीन सेकंड लगते हैं। चमक और गरज के बीच का समय देखकर बिजली की दूरी का अनुमान लगाया जा सकता है। वैसे, बिजली सिर्फ पृथ्वी पर ही नहीं पाई जाती; वैज्ञानिकों ने हाल ही में मंगल ग्रह पर भी इसे देखा है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771–42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

5 समस्या निवारक आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स
- Eye Strain
- Eye Dryness
- Eye Tiredness
- Eye Freshness
- Eye Cleanliness

12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Clinically Tested
24x7 Helpline: 8198822222
www.eyemantra.com
AYURVEDIC EYE RELIEF DROPS
EYE Mantra

आँखों की थकान दूर करने का आसान समाधान
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।

# वेब सीरीज में दिखेगा बेखौफ अंदाज

एजेंसी ▸▸ मुंबई



मर्डर मिस्ट्री थ्रिलर 'दलदल' सीरीज का खौफनाक टीजर रिलीज हो चुका है। इस क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज में भूमि पेडनेकर का दमदार लुक देखकर फैंस सरप्राइज हो गए हैं। क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'दलदल' के फर्स्ट लुक पोस्टर के बाद शुक्रवार को निर्माताओं ने इसका दमदार टीजर रिलीज कर दिया है। इसके टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। वेब सीरीज 'दलदल' के टीजर में भूमि पेडनेकर डीसीपी रीता फरेरा के रूप में एक क्रूर हत्यारे का पीछा करते हुए एक जोखिम भरे खेल में नजर आती हैं। मुंबई की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज मुंबई क्राइम ब्रांच की नवनियुक्त डीसीपी रीता फरेरा की कहानी बताती है, जिनका किरदार भूमि सतीश पेडनेकर ने निभाया है।

रीता फरेरा को एक बेरहम हत्यारे से लड़ते हुए अपनी जान बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। 'दलदल' सीरीज में भूमि पेडनेकर के अलावा समारा तिजोरी और आदित्य रावल भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'दलदल' का प्रीमियर 30 जनवरी को भारत में और दुनिया भर के 240 से अधिक देशों में प्राइम वीडियो पर होगा। बेस्टसेलर किताब 'भिंडी बाजार' पर आधारित 'दलदल' को सुरेश त्रिवेनी ने लिखा है और विक्रम मल्होत्रा और त्रिवेनी ने प्रोड्यूस किया है। इसका निर्देशन अमृत राज गुप्ता ने किया है।

# बॉर्डर 2 का ट्रेलर देख खड़े हुए रोंगटे, सनी के कायल हो गए फैंस

**मुंबई।** फिल्म 'बॉर्डर 2' को लेकर फैंस के बीच रिलीज से पहले ही क्रेज देखा जा रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आए तो फैंस काफी खुश हुए। बॉर्डर 2 के ट्रेलर में सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी आर्मी, नेवी और एयरफोर्स ऑफिसर के रूप में नजर आए। सभी की एक्टिंग की झलक ट्रेलर में देखने को मिली। लेकिन, फैंस को सबसे ज्यादा सनी देओल ही भाए। एक यूजर्स ने लिखा, 'सनी देओल स्क्रीन पर ईमानदारी से अभिनय करते हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'सनी देओल की स्क्रीन प्रेजेंस सॉलिड है।' इसी तरह के कमेंट्स कई फैंस ने सनी देओल को लेकर किए। खास ट्रेलर में सनी देओल के कहे गए



डायलॉग सोशल मीडिया यूजर्स को काफी पसंद आए हैं। वहीं, कुछ लोगों को दिलजीत दोसांझ भी एयरफोर्स ऑफिसर के रोल में खूब जंचे। फिल्म के ट्रेलर में वरुण धवन और अहान शेट्टी का अभिनय भी दर्शकों को पसंद आया। कुल मिलाकर सभी एक्टर्स, अपने-अपने किरदारों में खूब जमे हैं। फिर 'बॉर्डर' के फैंस रहे लोग, 'बॉर्डर 2' को लेकर एक्साइटेड हैं। फिल्म को अनुराग सिंह ने निर्देशित किया है। अनुराग सिंह द्वारा निर्देशित और जेपी दत्ता द्वारा प्रोड्यूस की गई फिल्म 'बॉर्डर 2' इसी महीने रिलीज हो रही है। यह फिल्म 23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। 'बॉर्डर 2' साल 2026 की पहली बड़ी फिल्म है।

## वीर से ब्रेकअप की खबरों के बीच पहली बार नजर आईं तारा

**मुंबई।** तारा सुतारिया इन दिनों अपने ब्रेकअप को लेकर सुर्खियों में हैं। वीर पहाड़िया से ब्रेकअप की खबरों के बीच अब पहली बार तारा सुतारिया नजर आईं। वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया एक बार फिर चर्चाओं में हैं। अक्सर अपने रोमांटिक पल और अफेयर को लेकर चर्चाओं में रहने वाला ये कपल, इस बार अपने ब्रेकअप की खबरों को लेकर चर्चाओं में है। पिछले लगभग एक हफ्ते से तारा और वीर के ब्रेकअप की खबरें सोशल मीडिया में छाई हुई हैं।

## ओ रोमियो का पहला गाना रिलीज अरिजीत की आवाज ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** शाहिद कपूर की आगामी फिल्म ओ रोमियो का पहला गाना 'हम तो तेरे ही लिए थे' शुक्रवार को रिलीज हो गया है। इसके साथ ही विशाल भारद्वाज और गुलजार की जोड़ी एक बार फिर लौटी है, वो भी अरिजीत सिंह की आवाज के साथ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर में इस गाने की एक लाइन सुनने के बाद से ही फैंस गाने को बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। अब शुक्रवार को मेकर्स ने ये गाना रिलीज कर दिया है। गाने में तृप्ति डिमरी और शाहिद कपूर के बीच रोमांटिक केमिस्ट्री देखने को मिली है। ये जोड़ी पहली बार किसी फिल्म में साथ नजर आ रही है।

ZEE करोड़ो लोगो का आज़माया
MYFAIR
रूप संवारे, त्वचा निखारे
झुर्रियां काले घेरे छाईया
फेस वाश ▲ साबुन ▲ क्रीम
www.wellncare.com
9896277535 & 9896134500
खरीदारी के लिए कोड स्कैन करें

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ, कार्मिक विभाग मुख्यालय, कार्यालय, बिलासपुर, (छ०ग०) – 495004

रोजगार सूचना क्रमांक. आरआरसी/एसईसीआर/01/2026

दिनांक 17/01/2026

साकेतिक अधिसूचना

**"खेल कोटा (ओपन विज्ञापन) के तहत वर्ष 2025-26 के लिए भर्ती"**

1. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे वर्ष 2025-26 के लिए खेल कोटा (जैसा कि मद 2 में है) के 22 पदों (21 पद ग्रुप 'सी' + 01 पद ग्रुप 'डी') को भरने के लिए भारत के नागरिक पात्र खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस के लिए कोई आरक्षण नहीं है। इसके अलावा, केवल ट्रायल में उत्तीर्ण उम्मीदवारों को ही आगे की प्रक्रिया के लिए बुलाया जाएगा।

**अनुसूची**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन के लिए खुलने की तिथि और समय | 17/01/2026 प्रातः 10.00 बजे। |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि और समय | 16/02/2026 23.59 बजे। |

2. पदों का विभाजन – खेल के अनुसार

(क) लेवल – 5/4 (7वां सीपीसी)

| क्र. संख्या | खेल के नाम | पुरूष/ महिला | इवैंट/पोसिशन | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | आर्चरी | पुरूष | रिकर्व | 01 |
| 02 | आर्चरी | महिला | रिकर्व | 01 |
| 03 | एथलेटिक्स | महिला | 20 किमी रेसवॉक | 01 |
| 04 | बैडमिंटन | पुरूष | --- | 01 |
| 05 | बॉक्सिंग | पुरूष | 50-55 किग्रा | 01 |
| कुल | | | | 05 (पांच) |

(ख) लेवल – 3/2 (7वां सीपीसी)

| क्र. संख्या | खेल के नाम | पुरूष/ महिला | इवैंट/ पोसिशन | पदों कि संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | आर्चरी | महिला | कम्पाउण्ड | 01 |
| 02 | एथलेटिक्स | पुरूष | 20 कि.मी. रेसवॉक | 01 |
| 03 | एथलेटिक्स | पुरूष | 200 मीटर रन | 01 |
| 04 | एथलेटिक्स | पुरूष | हाइ जंप | 01 |
| 05 | एथलेटिक्स | पुरूष | 10,000 मीटर रन | 01 |
| 06 | एथलेटिक्स | महिला | 200 मीटर रन | 01 |
| 07 | बैडमिंटन | पुरूष | ---- | 01 |
| 08 | बैडमिंटन | महिला | ---- | 01 |
| 09 | बॉक्सिंग | पुरूष | 85-90 किग्रा | 01 |
| 10 | बॉक्सिंग | पुरूष | 65-70 किग्रा | 01 |
| 11 | वेटलिफ्टिंग | महिला | 58 किग्रा | 01 |
| 12 | वेटलिफ्टिंग | महिला | 63 किग्रा | 01 |
| 13 | पावरलिफ्टिंग | महिला | 52 किग्रा | 01 |
| 14 | पावरलिफ्टिंग | महिला | 84 + किग्रा | 01 |
| 15 | पावरलिफ्टिंग | महिला | 47 किग्रा | 01 |
| 16 | लॉन टैनिस | पुरूष | ---- | 01 |
| कुल | | | | 16(सोलह) |

(ग) लेवल – 1 (7वां सीपीसी)

| क्र. संख्या | खेल के नाम | पुरूष/ महिला | इवैंट/पोसिशन | पदों कि संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 01 | एथलेटिक्स | महिला | 3000 मीटर स्टीपलचेज़ | 01 |
| कुल | | | | 01(एक) |

**नोट:- 1.** रेलवे प्रशासन रिक्तियों की संख्या में संशोधन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। **2.** जिन खिलाड़ियों के पास उच्च ग्रेड वेतन के लिए खेल मानदंड हैं और जिन्होंने निम्न ग्रेड वेतन के रिक्तियों के लिए आवेदन किया है, उन्हें केवल निम्न ग्रेड वेतन में ही शामिल करने पर विचार किया जा सकता है और परीक्षण के समय उन्हें यह वचन देना होगा कि रेलवे में शामिल होने के बाद वे रेलवे में शामिल होने से पहले की खेल उपलब्धियों के आधार पर उच्च वेतन स्तर का दावा नहीं करेंगे। **3.** यदि पैरा 2 (क) में उल्लिखित खेल के लिए पे लेवल- 5/4 के लिए उपयुक्त/पात्र उम्मीदवार नहीं मिलते हैं, तो पे लेवल- 5/4 की इन रिक्तियों को उसी खेल अनुशासन में पे लेवल- 3/2 में डाउनग्रेड किया जा सकता है। जो खिलाड़ी पे लेवल- 3/2 के लिए पात्र हैं, वे पे लेवल- 5/4 के अधिसूचित खेल अनुशासन के लिए भी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन उनका अंतिम चयन सक्षम प्राधिकारी द्वारा पदों के डाउनग्रेडिंग के अधीन होगा। **ऑनलाइन आवेदन :** उम्मीदवारों को www.secr.indianrailways.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा । ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए विस्तृत निर्देश वैबसाइट पर उपलब्ध होंगे ।

SECR ⟶ Recruitment ⟶ RRC ⟶ Sports Quota-2025-26

पात्रता शर्तें, चयन प्रक्रिया एवं रोजगार सूचना के अन्य विवरण के संबंधित जानकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की वैबसाइट www.secr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। रोजगार समाचार, 17- 23 जनवरी, 2026 के अंक को भी देखा जा सकता है ।

अध्यक्ष, रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर

CPR/10/FL/627

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे @secrail

## बिहार सरकार

**समाहरणालय, सारण**

**न्यायालय, समाहर्त्ता एवं जिला दण्डाधिकारी, सारण**

**बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम, 2016 एवं (संशोधित) अधिनियम–2018 के अन्तर्गत जब्त वाहन/मकान स्वामी के लिए नोटिस**

**सूचना**

एतद् द्वारा निम्नलिखित वाहन स्वामी/मकान स्वामी हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 (संशोधित) अधिनियम–2018 एवं 2022 के अन्तर्गत पुलिस/उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब रखने/परिवहन करने के आरोप में आपके वाहन/मकान को जप्त कर अधिहरण हेतु समर्पित प्रस्ताव के आलोक में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में अधिहरण वाद संधारित है। सभी वाहन स्वामी/मकान स्वामी हितबद्ध व्यक्तियों को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम–2022 (संशोधित) के कंडिका 12(क) के आलोक में शास्ति (Penalty) की राशि जमा कर वाहन/मकान को मुक्त कराने के लिए नोटिस दी गई थी, लेकिन अब तक निम्नलिखित वाहन/मकान स्वामी उपस्थित नहीं हुए है। वैसे वाहन/मकान की राजसात की कार्रवाई के लिए सुनवाई की तिथि कंडिका–04 एवं कंडिका–05 में निर्धारित की गई है:–

| क्रम सं० | अधिहरण वाद संख्या | थाना कांड संख्या एवं तिथि | सुनवाई की निर्धारित अगली तिथि | सुनवाई की निर्धारित अंतिम तिथि | जप्त वाहन का प्रकार एवं निबंधन संख्या/मकान का विवरण | वाहन मालिक/नामजद अभियुक्त का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 696/2025 | उत्पाद सदर थाना सं०– 190/2025 | 22.01.2026 | 29.01.2026 | बैगनार कार रजिस्ट्रेशन संख्या–CG04HA-3123, चेचिस संख्या–N/A एवं इंजन संख्या–N/A | अब्दुल हाकिम खान, पे०–अब्दुल मुस्लिम खान, सा०–कैलाश नगर, थाना–बीरगंज रायपुर, जिला–रायपुर (छतिसगढ़) |

अतः सभी संबंधित व्यक्तियों को आगाह किया जाता है कि कॉलम–04 एवं कॉलम–05 में निर्धारित तिथि को आप स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्रवाई करते हुए विधिसम्मत आदेश पारित किया जाएगा।

समाहर्त्ता–सह–जिला दण्डाधिकारी,
सारण, छपरा।

PR. No. 21977 (District) 25-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।

## अपना घर अपना देश, आत्मनिर्भर बन करें गृहप्रवेश



श्री विष्णुदेव साय
माननीय मुख्यमंत्री
छत्तीसगढ़

रायपुर विकास प्राधिकरण की Online Property Sale



श्री ओपी चौधरी
माननीय मंत्री
आवास एवं पर्यावरण
छत्तीसगढ़

रायपुर विकास प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में आवासीय, व्यावसायिक, मिश्रित उपयोग के लिए भूखंड, दुकानें, फ्लैट्स, डुप्लेक्स रो-हाउस एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के फ्लैट्स विक्रय हेतु उपलब्ध है।

क्रमांक -557

**ऑनलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

दिनांक-15/01/2026

| क्र. | योजना | संपत्ति का प्रकार | संख्या | संपत्ति का क्षेत्रफल (वर्गफुट में) | संपत्ति का मूल्य (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कौशल्या माता विहार | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से कम) दर रू. 2177/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 2 | 822.4-1673.3 | रू.17,90,278 - रू.36,42,665/- |
| | | **आवासीय भूखण्ड** (2000 वर्गफुट से ज्यादा) दर रू. 2072/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 10 | 2064.5-6956.9 | रू. 42,77,685 - रू.1,44,14,697/- |
| | | **मिश्रित भूखण्ड** – दर रु. 3710/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 1 | 9610 | रू.3,56,53,100/- |
| | | **व्यावसायिक भूखण्ड** - सेक्टर लेवल दर रु. 3630/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 10 | 757.07-788.7 | रू.27,48,154 - रू.28,62,876/- |
| | | **डुप्लेक्स रो-हाऊस** | 2 | 615.36-774.72 | रू.23,59,684 - रू.32,27,978/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) सेक्टर-13 | 76 | 645.5 | रू.19,00,000/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (2 बी.एच.के.) | 20 | 493.74 | रू.12,79,300/- |
| | | **एल.आई.जी. फ्लैट्स** (3 बी.एच.के.) | 17 | 645.29 | रू.15,30,100/- |
| PCG RERA NO. - 190618000236, Website :- https://rera.cgstate.gov.in | | | | | |
| 2 | इन्द्रप्रस्थ फेस-1 | **120 अपार्टमेंट** (मल्टीस्टोरी फ्लैट्स) | 1 | 1008.32 | रू.21,30,000/- |
| 3 | बोरियाखुर्द योजना | **दुकानें** - दर रु. 4000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 8 | 78-120 | रू.3,13,760 - रू.4,81,320/- |
| 4 | रावांभाठा ट्रांसपोर्ट नगर | **दुकानें** दर रु. 1893/- प्रति वर्गफुट | 26 | 146-552 | रू.2,76,378 - रू.10,44,936/- |
| | | **व्यावसायिक भूखण्ड दर** रु. 1899/- प्रति वर्गफुट (फ्री होल्ड) | 14 | 538.2-2152.8 | रू.10,22,042 - रू. 40,88,167/- |
| 5 | शैलेन्द्र नगर योजना | **दुकानें (प्रथम तल)** - दर रु. 6000/- प्रति वर्गफुट (लीज होल्ड) | 19 | 229-254 | रू.13,74,000 - रू.15,24,000/- |

| महत्वपूर्ण तिथियां | |
|---|---|
| | निविदा जारी करने की तिथि 15/01/2026 |
| | निविदा फॉर्म वेबसाईट पर उपलब्ध होने की तिथि 15/01/2026 से 30/01/2026 |
| | पूर्ण रूप से भरी गई निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 30/01/2026 तक |

1. संपत्तियों का आवंटन निविदा के माध्यम से होगा। निविदा के नियम एवं शर्तें, उपलब्ध संपत्तियों का विवरण, निर्धारित ऑफसेट दर तथा आवेदन की जानकारी प्राधिकरण की वेबसाईट - **https://rda.cgstate.gov.in** में उपलब्ध है। समस्त निविदा ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए 500/- है। जिसका भुगतान निविदा की धरोहर राशि के साथ ऑनलाईन भुगतान करना होगा।
3. निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र संपूर्ण रूप भरा हुआ होना चाहिये, प्रपत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर निविदा निरस्त कर दी जाएगी, जो कि निविदाकर्ता की ही जवाबदारी होगी।
4. प्राप्त मान्य निविदाओं में उच्चतम निविदा को उक्त संपत्ति हेतु आवंटन किया जायेगा।
5. निविदा प्रस्तुत हो जाने के पश्चात् प्रस्तुत निविदा वापसी/परिवर्तन से संबंधित कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं होगा तथा प्राप्त निविदा को निविदा प्रक्रिया में शामिल माना जावेगा तथा निविदादाता द्वारा प्रस्तुत निविदा यदि सफल होती है तो निविदाकर्ता द्वारा आवंटन स्वीकार न करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
6. प्राधिकरण द्वारा भविष्य में निविदाकर्ता द्वारा संलग्न दस्तावेज के परीक्षण पर नियमानुसार पात्रता नहीं होने पर प्राधिकरण को आवंटन निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।
7. सफल निविदाकर्ता द्वारा आवंटन आदेश में उल्लेख के अनुसार निर्धारित समय अवधि में राशि जमा करनी होगी अन्यथा प्राधिकरण द्वारा धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी।
8. निविदा से संबंधित नियम एवं शर्तें सतर्कता पूर्वक पढ़े जाए।

अति. मुख्य कार्यपालन अधिकारी

**रायपुर विकास प्राधिकरण**

भक्त माता कर्मा कॉम्प्लेक्स, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़) 492006
वेबसाईट - https://rda.cgstate.gov.in, टोल फ्री नं. - 1800-233-7188

टीप :- रायपुर विकास प्राधिकरण द्वारा संपत्ति विक्रय के लिए किसी एजेंट/ब्रोकर की नियुक्ति नहीं की गई है। इच्छुक आवेदक संपत्ति क्रय/खरीदने के लिए सीधे कार्यालय के मार्केटिंग शाखा से संपर्क करें।

जागो ग्राहक जागो

NO. 1 BRAND INDIA 2016
पेट सफा तो हर रोग दफा...
Divisa
Clinically Tested



अगर पेट सफा खाओगे बिल्कुल जोर नहीं लगाओगे
20% EXTRA
super effective
अगर आप भी कब्ज • गैस • एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स या टेबलेट। यह पहले दिन से असर दिखाता है।
Dr. Juneja's पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets

# विदेशी मुद्रा भंडार में 39.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि दर्ज



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को कहा कि नौ जनवरी को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 39.2 करोड़ डॉलर बढ़कर 687.19 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह कुल भंडार 9.81 अरब डॉलर घटकर 686.80 अरब डॉलर पर रहा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 1.124 अरब डॉलर घटकर 550.866 अरब डॉलर रहीं। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त ये परिसंपत्तियां विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक हैं। और इनमें यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि इस दौरान सोने के भंडार का मूल्य 1.568 अरब डॉलर उछलकर 112.83 अरब डॉलर हो गया।

चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में निकली खरीदारी

# इन्फोसिस के सहारे शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸| मुंबई

▪ बाजार में दो सत्रों के बाद तेजी दर्ज की गई

वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच चुनिंदा दिग्गज कंपनियों में लिवाली आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में दो सत्रों के बाद तेजी लौट आई। सेंसेक्स 188 अंक चढ़ा जबकि निफ्टी में 29 अंक की तेजी रही।

बीएसई का 30 शेयर पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स लगातार दो कारोबारी सत्र की गिरावट के बाद 187.64 अंक बढ़त के साथ 83,570.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 752.26 अंक उछलकर 84,134.97 अंक तक पहुंच गया था। निफ्टी भी उतार-चढ़ाव भरे सत्र में 28.75 अंक चढ़कर 25,694.35 अंक पर बंद हुआ। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजीत मिश्रा ने कहा, ''कमजोर रुपये और



वैश्विक व्यापार से संबंधित मुद्दों को लेकर चिंताओं से प्रतिभागी सतर्क हैं। भू-राजनीतिक और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच निरंतर सतर्कता को दर्शाते हुए, कुल भागीदारी चुनिंदा एवं विशिष्ट शेयर तक ही सीमित रही। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि 15 जनवरी को वाणिज्य सचिव द्वारा दिए गए इस बयान से भी बाजार की धारणा को बल मिला कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दिए जाने के करीब पहुंचा जा चुका है।

## इंफोसिस में 5.67 फीसदी की तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से इन्फोसिस के शेयर में सर्वाधिक 5.67 प्रतिशत की उछाल दर्ज की गई जिससे बाजार को संभलने में मदद मिली। इसके अलावा टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, भारतीय स्टेट बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहने वालों में शामिल रहे।

## मारुति में रही गिरावट

दूसरी ओर, इटर्नल, एशियन पेंट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, सन फार्मा और मारुति के शेयर में गिरावट दर्ज की गई।

# रिलायंस का लाभ मामूली बढ़कर 18,645 करोड़ रुपए

एजेंसी ▸▸| मुंबई



विभिन्न कारोबार से जुड़ा रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में मामूली बढ़कर 18,645 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि खुदरा कारोबार में कमजोर रुख ने अन्य क्षेत्रों में हुए लाभ को बेअसर कर दिया। कंपनी के अनुसार, जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाये जाने के कारण खुदरा कारोबार में धीमी वृद्धि देखने को मिली। हालांकि इसके ऊर्जा और डिजिटल इकाइयों का प्रदर्शन अच्छा रहा। मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) में इसका शुद्ध लाभ 18,645 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक वर्ष पहले यह 18,540 करोड़ रुपये था।

## रुपया 50 पैसे टूटकर 90.84 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई।** रुपये में शुक्रवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट आई और यह 50 पैसे टूटकर 90.84 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी पूंजी की निरंतर निकसी से घरेलू मुद्रा पर दबाव बढ़ा।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
(CIN No.:U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building
Kusai Colony, Doranda, Ranchi - 834002
(E-mail:cetjusnl@gmail.com)

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT no. 391/PR/JUSNL/2025-26 is hereby cancelled.

Reference PR no. is 361532.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनीशिकायतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 361532

PR 370776 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

Sd/-
General Manager C&M (NWBP)

**कार्यालय नगर पंचायत सरसींवा, जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक /729/न.पं./लो.नि.वि/2025-26 सरसींवा, दिनांक: 16/01/2026

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना :-
(3rd call)

नगर पंचायत सरसींवा द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत समक्ष श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन के माध्यम से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | सिस्टम टेण्डर क्रमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रु. लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 183955 | REQUEST FOR PROPOSAL FOR Design. Testing. Construction. Commissioning and setting up of Material Recovery Facility (MRF) & Compost Plant in Municipal Areas of Sarsiwa, Chhattisgarh | 53.72 | 29/01/2026 |

उपरोक्त निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट http//uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरसींवा
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स) अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर**

निविदा आमंत्रण तिथि :- 15.01.2026

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

01. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये Log in करें :-
http://eproc.cgstate.gov.in
02. संबंधित संभाग- मनेन्द्रगढ़ संभाग
03. स.क्रं. 1 'स' वर्ग एवं ऊपर ठेकेदार
04. ऑनलाईन निविदा डालने की अंतिम तिथि स.क्रं. 1 - 30.01.2026

| सरल क्र. | एन.आई.टी. क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 232 | व्यवहार न्यायालय जनकपुर के तृतीय श्रेणी कर्मचारियों हेतु 02 नग "जी" टाईप एवं 07 नग "एच" टाईप शासकीय आवास गृह निर्माण कार्य विद्युतीकरण सहित (द्वितीय आमंत्रण) | 129.70 |

G-252606100/6

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग अम्बिकापुर मण्डल अम्बिकापुर

**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**
**लोक निर्माण विभाग, रायपुर मण्डल क्रमांक 1 (छत्तीसगढ़)**

**निविदा सूचना**
(प्रथम आमंत्रण)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| एन.आई.टी. क्र./ सिस्टम टेन्डर नं | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत रू (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 296/182128 | CONSTRUCTION OF MINI STADIUM I/C ELECTRIFICATION WORK AT VILLAGE-SARORA (TILDA-NEORA) RAIPUR CHHATTISGARH. | रू. 144.37 लाख |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 05.02.2026 समय सायं 5:30 बजे तक

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है एवं डाउनलोड की जा सकती है।

G-252606093/5

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग,
रायपुर मण्डल क्रं.-1 रायपुर (छ.ग.)

**JHARIA REHABILITATION AND DEVELOPMENT AUTHORITY, DHANBAD**

**e-Procurement Notice**

Tender Reference No: JRDA/CIVIL/25-26/41/73
Date: 10.01.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Upgradation of Phase-II and Phase-III of Visthapit Awas at Belgaria, Dhanbad. (2nd Call) |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 34,61,35,836.00 |
| 3. | EMD | Rs. 34,61,400.00 |
| 4. | Tender Document Cost | Rs.10,000.00 |
| 5. | Time of Completion | 18 months |
| 6. | Date/Time from which bid is available for online bidding | 16.01.2026 at 03:00 PM |
| 7. | Last Date/Time for on-line submission of bids | 06.02.2026 at 5:00 PM |
| 8. | Date and Time of Bid Opening | 09.02.2026 at 11:30 AM |
| 9. | Name and Address of Officer inviting tender | Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad Hatia More, Golf Ground Road, Hirapur, Dhanbad - 826001 Jharkhand, India Email: infojrda.dhn@gmail.com |

Note : 1. Only e-tenders will be accepted.
2. Further details can be seen on website – https://jharkhandtenders.gov.in.

PR 370857 Rural Development(25-26).D

Sd/-
Head of Department (Civil), JRDA, Dhanbad

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION COMPANY LIMITED**
(C.G. Govt. Undertaking) CIN-U40108CT2003SGC015820 GST – 22AADCC5773E1ZX
**CHHATTISGARH STATE LOAD DESPATCH CENTRE: RAIPUR**
PHONE : 0771-2574172, FAX NO. 0771-2574174, Web Site :www.sldccg.com, email- office@sldccg.com

**No.: 03-02/SLDC/e-bidding/TR-262/1984 Raipur, Dtd.: 15/01/2026**

**e-Notice Inviting Tender (e-NIT)**

**Tender No.: TR-262**

Name of the Work: **Tender for Supply, Installation, Testing and Commissioning of Data Diode for Unidirectional Data Transfer from OT System to IT System Installed at SLDC, Chhattisgarh.**

Online bids are invited through CSPTCL Tendering System (SAP-SRM) from Eligible Contractor/ Agencies who fulfill the Pre-Bid Qualification Criteria is opened & will be allowed registration for this tender till following date.

Important Dates:
Last date for Submission of Tender Document: 09/02/2026, upto 12:00 PM Only.
Date of opening of Tender Document: 09/02/2026 at 12:30 PM
The detailed Tender is also available at our official website: www.sldccg.com & www.cspc.co.in

// Save Electricity //

CHIEF ENGINEER
(SLDC), CSPTCL, RAIPUR

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड**

**आम सूचना**

विद्युत अधिनियम 2003, के प्रावधानों एवं छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के लिय टैरिफ के निर्धारण हेतु निर्बंधन एवं शर्तें) विनियम, 2025 के प्रावधानों के अनुपालन में छत्तीसगढ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (सी.एस.पी.जी.सी.एल.) द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सी.एस.ई.आर.सी.) के समक्ष सी.एस.पी.जी.सी.एल. के लघु/मिनी जलविद्युत संयंत्रो के वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2029–30 तक के लिए वार्षिक स्थिर प्रभार/टैरिफ निर्धारण हेतु याचिका दाखिल की गई है। उक्त याचिका को याचिका संख्या 01/2026 के रूप में पंजीकृत किया गया है। याचिका में प्रस्तावित एकल भाग टैरिफ का सारांश निम्नानुसार हैं :–

| विवरण | ऊर्जा दर (रु./युनिट) | | | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष 26–27 | वित्तीय वर्ष 27–28 | वित्तीय वर्ष 28–29 | वित्तीय वर्ष 29–30 |
| गंगरेल लघु जल विद्युत गृह | 2.642 | 2.688 | 2.757 | 2.834 |
| सिकासार लघु जल विद्युत गृह | 3.293 | 3.401 | 3.534 | 3.665 |
| सूक्ष्म जल विद्युत गृह कोरबा | 2.678 | 2.741 | 2.823 | 2.902 |

याचिका की प्रति आयोग की वेबसाइट www.cserc.gov.in एवं सी.एस.पी.जी.सी.एल की वेबसाइट https://cspgcl.co.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त याचिका की मुद्रित प्रति छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के कार्यालय एवं साथ ही मुख्य अभियंता (सी.एंड आर.ए.), सी.एस.पी.जी.सी.एल. कार्यालय में भी उपलब्ध है जिसे कार्यालयीन दिवसों में रुपये 200/– का भुगतान कर पूर्वान्ह 11:00 से सांयः 4:00 के बीच प्राप्त की जा सकती है। याचिका की प्रति रुपये 75/– (डाक व्यय) का अतिरिक्त भुगतान कर डाक द्वारा भी प्राप्त की जा सकती है।

उपरोक्त याचिका पर सुझाव/आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 21 दिवस के भीतर सचिव, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग, विद्युत नियामक भवन, सिंचाई कॉलोनी, शांति नगर, रायपुर – 492001, ईमेल cserc.sec.cg@nic.in के समक्ष, मुख्य अभियंता (सी.एंड आर.ए.), शेड नं., 06, सी.एस.पी.जी.सी.एल. विद्युत सेवा भवन डंगनियां रायपुर – 492013, ईमेल edcnra@cspc.co.in को प्रतिलिपि के साथ, प्रस्तुत किये जा सकते है।

सुनवाई हेतु स्थल एवं दिनांक की सूचना आयोग द्वारा पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित की जा सकती है।

"स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें।

मुख्य अभियंता (सी. एण्ड आर.ए.)
सी.एस.पी.जी.सी.एल., रायपुर

SHIVA EMBROCATION OIL
शिव एम्ब्रोकेशन ऑयल
रजि नं. 1721362
कापीराईट नं. 88763/10
दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा - सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
HMS देखकर खरीदें
नकली माल से सावधान
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

OSTWAL HEART CARE
Dr. Kunal Ostwal
MD, DM (Cardiology)
Consultant and Interventional Cardiologist
Facilities : ECG ,2D-Echo,TMT
समस्त हृदय रोग, मधुमेह, कोलेस्ट्रोल एवं ब्लड प्रेशर के लिए परामर्श
डी.एम. प्लाजा, बैजनाथपारा, छोटापारा, रायपुर अपॉइंटमेंट के लिये संपर्क करें : 6264289296

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

Skin Care
डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डायबिटिक क्लीनिक
डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

Vrinda Multispeciality Hospital Chest & Allergy Centre
वृन्दा चेस्ट एंड एलर्जी मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल
50 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त हॉस्पिटल
सभी प्रकार की एलर्जी • जैसे नाक • कान • गला • आंख • श्वास की (अस्थमा) • त्वचा
डेंटल सुविधा भी उपलब्ध
छाती रोग • अस्थमा • सी.पी.ओ.डी. • फेफड़े सिकुड़ना • पानी भरना • न्यूमोनिया • स्वाइन फ्लू • मोटापे • खर्राटे • छाती दर्द
अवंति बाई चौक, लोधीपारा, पंडरी रोड, कांपा, रायपुर (छ.ग.) संपर्क : 8962566221, 07714916125, 7223065604

निवेद चेस्ट & आई केयर
उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयोथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर
आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनोपेथी और मेडिकल रेटिना
डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist)
डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology
24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

सुधा सूरज फर्टिलिटी केयर
डॉ. सूरज कुमार चौधरी MD (Physician, Pathology)
डॉ.सुधा अग्रवाल चौधरी MBBS, MS (OBG) FRM स्त्री रोग विशेषज्ञ, इंफर्टिलिटी कंसल्टेंट
• पुरुष और महिला बांझपन परीक्षण • आईवीएफ, आईयूआई, पीसीओएस, सोनोग्राफी, • सभी पैथोलॉजी परीक्षण (रक्त, मूत्र, मल और वीर्य विश्लेषण) • गर्भवती महिला एवं गर्भाशय की सोनोग्राफी (टीवीएस, डॉपलर 3डी, 4डी)
C-81, VIP Estate, Opposite Ashoka Ratan Gate No.2, Shankar Nagar, Raipur, Mob. 63549 65797, 95120 44488

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑंकोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलबध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50%
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

पाइल्स
क्षारसूत्र विशेषज्ञ
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
25 वर्षों का अनुभव
11000 से ऊपर सफल चिकित्सा
फाफाडीह / पंडरी, रायपुर, मो. 9039050422

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# अंडर-19 वर्ल्ड कप: मजबूत शुरुआत के बाद आज बांग्लादेश के खिलाफ भारत दिखाएगा दम

एजेंसी ▶▶| बुलावायो

पहले मैच में आत्मविश्वास से भरी जीत हासिल करने के बाद भारतीय टीम शनिवार 17 जनवरी को आईसीसी अंडर-19 विश्व कप के अपने दूसरे मैच में बांग्लादेश की कड़ी चुनौती के बावजूद जीत के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी।

पांच बार की चैंपियन भारत ने बारिश से प्रभावित मैच में अमेरिका को केवल 107 रन पर आउट करके छह विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी शामिल हैं। उसके बल्लेबाज बांग्लादेश के खिलाफ क्रीज पर लंबा समय बिताने की उम्मीद करेंगे क्योंकि अमेरिका के खिलाफ उन्हें खेलने का पर्याप्त मौका नहीं मिला।

### भारत के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प

बांग्लादेश को कमजोर नहीं आंका जा सकता है और उसकी टीम आयुष म्हात्रे के नेतृत्व वाली टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश कर सकती है। म्हात्रे और 14 वर्षीय सनसनी वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी एक बार फिर उप कप्तान विहान मल्होत्रा, ऑलराउंडर आरोन जॉर्ज और वेदांत त्रिवेदी और विकेटकीपर अभिज्ञान कुंडू के साथ मिलकर बल्लेबाजी विभाग का जिम्मा संभालेंगे। दीपेश, आरएस अंबरीश, हेनिल पटेल, किशन कुमार सिंह और उद्धव मोहन के रूप में टीम के पास तेज गेंदबाजी के अच्छे विकल्प हैं, जबकि कनिष्क चौहान, खिलन पटेल और मोहम्मद एनान जैसे खिलाड़ी स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। यह टूर्नामेंट 1988 में शुरू हुआ था और भारतीय टीम ने इसमें अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है।

### भारतीय बल्लेबाजी क्रम में कई स्टार खिलाड़ी, दोपहर 1 बजे से मुकाबला



### अजीजुल हकीम के नेतृत्व क्षमता की परीक्षा

जहां तक बांग्लादेश की बात है तो उसके पास कप्तान अजीजुल हकीम के रूप में अनुभवी खिलाड़ी हैं। जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में उनके नेतृत्व क्षमता की भी परीक्षा होगी। हकीम उप कप्तान ज़ावद अबरार के साथ बांग्लादेश की बल्लेबाजी की अगुवाई करेंगे। अंडर-19 स्तर पर दोनों बल्लेबाजों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने 2024 में खेले गए पिछले टूर्नामेंट के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। बांग्लादेश के पास एक अन्य बल्लेबाज कलाम सिद्दीकी भी है, जिन्होंने अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है।

### बांग्लादेश की गेंदबाजी मजबूत

बांग्लादेश के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण भी है। उसके तेज गेंदबाज इकबाल हुसैन और अल फहद को जिम्बाब्वे की तेज गेंदबाजी के लिए अनुकूल परिस्थितियों में भरपूर सहयोग मिलने की उम्मीद है। इन दोनों गेंदबाज ने पिछले अंडर-19 विश्व कप के बाद से क्रमशः 45 और 43 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के स्पिनर समीउन बसीर भी उनसे कुछ ही पीछे हैं। उन्होंने इस अवधि में 29 विकेट लिए हैं और उनका इकॉनमी रेट चार से कम है।

### टीमें इस प्रकार

**भारत**: आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, एरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलन ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।

**बांग्लादेश** : अजीजुल हकीम तमीम (कप्तान), जवाद अबरार, समिउन बसीर रतुल, शेख परवेज जिबोन, रिज़ान होसन, शहरिया अल अमीन, शादीन इस्लाम, मोहम्मद अब्दुल्ला, फरीद हसन फैसल, कलाम सिद्दीकी अलीन, रिफत बेग, साद इस्लाम रजिन, अल फहद, शहरयार अहमद, इकबाल हुसैन।

## खबर संक्षेप



### सोनी ओपन में येल्लामाराजू और राय का अच्छा प्रदर्शन

**होनोलूलू**। भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर सहित थीगला ने 2026 के पीजीए टूर में अपने अभियान की निराशाजनक शुरुआत की और वह सोनी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में तीन ओवर 73 का स्कोर बनाकर संयुक्त रूप से 104वें स्थान पर हैं। भारतीय मूल के कनाडाई खिलाड़ी सुदर्शन येल्लामाराजू ने हालांकि अपने राउंड की शुरुआत डबल बोगी से करने के बावजूद तीन अंडर 67 का स्कोर बनाया।

### बांग्लादेशी खिलाड़ियों का बहिष्कार खत्म

**ढाका**। बांग्लादेश के नाराज क्रिकेटरों ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों के कल्याण संघ के बीच सहमति बनने के बाद खेल के व्यापक हित को ध्यान में रखते हुए बहिष्कार खत्म कर दिया, जिससे शुक्रवार से बीपीएल टी20 के मैच फिर से शुरु हो गए। सीनियर खिलाड़ियों ने बीसीबी निदेशक नजमुल इस्लाम की उनके खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणियों के विरोध में बगावत कर दी थी, जिससे बोर्ड की शीर्ष टी20 लीग के ठप होने का खतरा पैदा हो गया था।

## विजय हजारे ट्रॉफी : रविवार को सौराष्ट्र और विदर्भ के बीच खिताबी मुकाबला

# सौराष्ट्र ने पंजाब को 9 विकेट से हराया, फाइनल में एंट्री, जडेजा ने खेली 165 रनों की नाबाद पारी

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

विश्वराज जडेजा की शानदार 165 रन की नाबाद पारी की मदद से सौराष्ट्र ने पंजाब को 9 विकेट से हराकर विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश किया। अब सौराष्ट्र फाइनल में रविवार को विदर्भ से भिड़ेगा। सौराष्ट्र के गेंदबाजों ने पंजाब को 291 रन के कम स्कोर पर रोककर शानदार प्रदर्शन किया, जिसके बाद जडेजा ने अपनी 127 गेंद की पारी (18 चौके, तीन छक्के) के दौरान विपक्षी गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज को अपने सलामी जोड़ीदार हार्विक देसाई (64) का साथ मिला, जिनके साथ उन्होंने सिर्फ 23 ओवर में 172 रन जोड़ दिए। फिर उन्हें प्रेरक मांकड़ (52 नाबाद) का साथ मिला, जिससे सौराष्ट्र ने सिर्फ 39.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। जडेजा और मांकड़ ने दूसरे विकेट के लिए अटूट साझेदारी में 121 रन जोड़े।



### पंजाब की तरफ से अनमोलप्रीत ने मारी सेंचुरी

इससे पहले पंजाब अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकी और छोटे स्कोर पर ही सिमट गई। हरनूर सिंह और कप्तान प्रभसिमरन सिंह ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। हरनूर रन आउट हो गए, जिसके बाद प्रभसिमरन और अनमोलप्रीत के बीच दूसरी विकेट के लिए 109 रन की साझेदारी बनी। प्रभसिमरन आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए विकेट गंवा बैठे। लेकिन अनमोलप्रीत लगातार रन बनाते रहे और 103 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने जानी को लगातार दो चौके लगाकर 97 रन बनाए। फिर दो और एक रन लेकर 100 रन पूरे किए। इस पारी की मदद से पंजाब 47वें ओवर में चार विकेट पर 275 रन तक पहुंच गया।लेकिन चेतन सकारिया के अनमोलप्रीत को आउट करने से खेल का रुख बदल गया। पांच विकेट पर 275 रन से पंजाब ने अगले पांच विकेट सिर्फ 16 रन पर गंवा दिए।

### सौराष्ट्र की अच्छी शुरुआत

सौराष्ट्र ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की। जडेजा और देसाई ने मिलकर सातवें ओवर में तेज गेंदबाज कृष भगत से 23 रन बटोरे। जब टीम का स्कोर 120 रन था तो जडेजा को जीवनदान मिला था। लेकिन फिर उन्होंने 29 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया और फिर अपना तीसरा लिस्ट ए शतक पूरा करने के लिए 45 और गेंदें खेलीं। इस बीच देसाई आउट हो गए। वह तेज गेंदबाज गुरनूर बरार की गेंद पर प्वाइंट पर नमन धीर को कैच थमा बैठे। फिर जडेजा ने लिस्ट ए मैच में अपना पहला 150 रन का आंकड़ा पार कर लिया था। जल्द ही इस दमदार बल्लेबाज ने धीर की गेंद पर चौका लगाकर सौराष्ट्र के लिए विजयी रन बनाए।

### विश्वराज ने 74 गेंद में पूरा किया शतक

विश्वराज जडेजा ने टूर्नामेंट में अपना तीसरा शतक केवल 74 गेंद में पूरा किया। उन्होंने प्रेरक के साथ दूसरे विकेट के लिए 121 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को जीत दिलाई। विश्वराज ने इस दौरान टूर्नामेंट के दौरान 500 रन भी पूरे किए। इस सीजन से पहले उनके नाम लिस्ट ए क्रिकेट में कोई शतक नहीं था। अब नौ मैच में तीसरी बार सैकड़ा जमाया। सौराष्ट्र की टीम चौथी बार विजय हजारे ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची है। उसने दो बार खिताब जीता है जबकि एक बार हार मिली है। इस टीम ने आखिरी बार 2022-23 में यह खिताब जीता था।

## एसए20

# बार्टमैन की हैट्रिक से जीता पार्ल रॉयल्स, प्लेऑफ में जगह पक्की



एजेंसी ▶▶| सेंचुरियन

ओटनेल बार्टमैन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए हैट्रिक सहित पांच विकेट लिए, जिससे पार्ल रॉयल्स ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को छह विकेट से हराकर एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। बार्टमैन ने 16 रन देकर पांच विकेट लिए, जिससे रॉयल्स ने कैपिटल्स को 19.1 ओवर में 127 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद रॉयल्स के बल्लेबाजों ने 4.5 ओवर शेष रहते हुए आसानी से लक्ष्य हासिल कर दिया। उसने 15.1 ओवर में चार विकेट पर 128 रन बनाकर बोनस अंक हासिल किया। इससे वह 21 अंक लेकर पहले स्थान पर पहुंच गया है। बार्टमैन एसए20 के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले प्रिटोरिया कैपिटल्स के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी ने पिछले हफ्ते ही किंग्समीड में डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ यह कारनामा किया था। बार्टमैन ने आंद्रे रसेल, लिज़ाद विलियम्स और एनगिडी को आउट करके हैट्रिक बनाई। इससे पहले उन्होंने कॉनर एस्टरहुइज़न और जॉर्डन कॉक्स को लगातार गेंद पर आउट किया। यह 32 वर्षीय गेंदबाज लीग में अब 57 विकेट ले चुका है, जो इस टूर्नामेंट का नया रिकॉर्ड है। उन्होंने मार्को यानसन को पीछे छोड़ा।

## ऑकलैंड ओपन

# बाएज और मेनसिक में खिताबी मुकाबला, शेल्टन हुए बाहर





एजेंसी ▶▶| ऑकलैंड

विश्व रैंकिंग में आठवें नंबर के खिलाड़ी और यहां शीर्ष वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट ऑकलैंड ओपन के दो दिन तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा।

शेल्टन अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बाएज से 7-5, 6-3 से हार गए, जो गैरवरीयता प्राप्त हैं और विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर हैं। बाएज ने शुक्रवार को बाद में हुए सेमीफाइनल में अमेरिका के एक अन्य खिलाड़ी मार्कोस गिरोन को 6-1, 6-4 से हराया। बारिश के कारण खेल बाधित होने की वजह से तीन क्वार्टरफाइनल और दोनों सेमीफाइनल एक ही दिन खेले गए।

फाइनल में बाएज का मुकाबला तीसरी वरीयता प्राप्त याकूब मेनसिक से होगा, जिन्होंने सेमीफाइनल में फैबियन मारोज़सन को 7-6 (9), 4-6, 6-1 से हराया। मारोज़सन ने पहले दौर में मौजूदा चैंपियन गेल मोनफिल्स और दूसरे दौर में दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को हराया था।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में बिश्नोई और अय्यर को मौका

**नई दिल्ली**। लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के लिए भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम में चोटिल ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह शामिल किया गया। वाशिंगटन 21 जनवरी से नागपुर में शुरू होने वाली सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। अनुभवी बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए टीम में शामिल किया गया है क्योंकि तिलक वर्मा कमर की मांसपेशियों में खिंचाव (साइड स्ट्रेन) के कारण बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'ऑलराउंडर (वाशिंगटन) न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। पुरुष चयन समिति ने रवि बिश्नोई को उनके स्थान पर नामित किया है ' बिश्नोई ने 42 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 61 विकेट लिए हैं, जिनमें से आखिरी मैच फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ खेला था। भारत की अपडेट हुई टी20 अंतरराष्ट्रीय

**टीम इस प्रकार** : सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उप-कप्तान), रिंकू सिंह, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, ईशान किशन (विकेटकीपर), रवि बिश्नोई।

# आरसीबी ने लगाई जीत की हैट्रिक गुजरात को 32 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| नवी मुंबई

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने राधा यादव (66 रन) के अर्धशतक और ऋचा घोष के साथ शतकीय भागीदारी के बाद ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल (23 रन देकर पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) मैच में गुजरात जायंट्स को 32 रन से शिकस्त दी।



स्मृति मंधाना की अगुआई वाली आरसीबी ने जीत की लय जारी रखते हुए तीसरे मुकाबले में लगातार तीसरी जीत हासिल की जबकि गुजरात जायंट्स को चौथे मैच में दूसरी हार झेलनी पड़ी। आरसीबी ने बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद राधा और ऋचा घोष (44 रन) के बीच पांचवें विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी से सात विकेट पर 182 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात जायंट्स की टीम श्रेयंका (3.5 ओवर में 23 रन देकर पांच विकेट) और इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल (चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने 18.5 ओवर में 150 रन पर ढेर हो गई। टीम के लिए भारती फूलमाली 39 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। अरूंधति रेड्डी और नाडिन डि क्लर्क ने भी एक एक विकेट झटका। गुजरात की टीम ने कप्तान बेथ मूनी (27 रन) की मदद से आक्रामक शुरूआत की। लेकिन जल्द ही विकेट गिरने शुरू हो गए, जिससे टीम ने 46 रन पर तीन विकेट खो दिए थे।

## आज पहले मैच में सिंदारोव से भिड़ेंगे गुकेश

# टाटा स्टील मास्टर्स : भारतीय खिलाड़ियों की कड़ी परीक्षा

एजेंसी ▶▶| विज्क आन जी

विश्व चैंपियन गुकेश 2025 की अपनी असफलताओं को पीछे छोड़कर शनिवार 17 जनवरी से शुरू होने वाले टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में नई शुरुआत करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे, जहां पहले दौर में उनका मुकाबला उज्बेकिस्तान के विश्व कप विजेता जावोखिर सिंदारोव से होगा।

टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज प्रतिष्ठित टूर्नामेंट विश्व के सबसे पुराने टूर्नामेंट में से एक है। इसकी शुरुआत 1938 से हुई थी और 2011 से इसका आयोजन टाटा स्टील के बैनर तले किया जा रहा है। भारतीय खिलाड़ियों को इस बार टूर्नामेंट में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।



गुकेश ने 2024 में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। वह टाटा स्टील टूर्नामेंट में पिछली बार हमवतन आर प्रज्ञानानंदा से टाइब्रेक में हार कर दूसरे स्थान पर रहे थे। इस बार वह खिताब जीतने के लिए किसी भी तरह से कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेंगे।

### प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन अपेक्षित नहीं

मौजूदा चैंपियन प्रज्ञानानंदा एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने मार्च-अप्रैल में होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह पक्की कर ली है। लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अपेक्षित नहीं रहा है। इस प्रतियोगिता के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी हैं, जो कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भाग नहीं लेंगे, लेकिन 2025 के आखिर तक वह भारतीय खिलाड़ियों में रैंकिंग में शीर्ष पर बने रहे। अर्जुन का लक्ष्य यहां अच्छा प्रदर्शन करके रैंकिंग में अपनी स्थिति को और मजबूत करना होगा।

### चिदंबरम का सामना ब्लूबाउम से

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले चौथे भारतीय खिलाड़ी अरविंद चिदंबरम हैं, जो अपने करियर के सबसे मुश्किल टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ने के लिए बेताब होंगे। प्रज्ञानानंदा पहले मैच में अर्जुन से भिड़ेंगे जबकि चिदंबरम का सामना जर्मनी के मैथियास ब्लूबाउम से होगा। भारतीय खिलाड़ियों को इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड के अनीश गिरी, उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव और जर्मनी के विन्सेंट कीमर जैसे खिलाड़ियों से कड़ी चुनौती मिलेगी। इस बार टूर्नामेंट में नई समय नियंत्रण प्रणाली लागू की गई है, जिसके तहत खिलाड़ियों को 40 चालें चलने तक कोई अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा।

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**

2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur- 482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

RC/95/2025 09.01.2026

IDBI BANK
Versus
GOUKARAN GIRI GOSWAMI

To,
**(CD1) GOUKARAN GIRI GOSWAMI**
MAHA MANDIR PARA, DHAMDHA,DURG (C.G.)-491331
**(CD2) KHEMIRI GOSWAMI**
MAHA MANDIR PARA, DHAMDHA, TEH-DHAMDHA, DIST-DURG (C.G.)-491331
**(CD3) AMBABAI GOSWAMI**
MAHA MANDIR PARA DHAMDHA, DIST-DURG (C.G.)-491331
**(CD4) LEKHRAM SAHU**
VILL-KHAPRI, BARAHPUR, TEH-DHAMDHA, DIST-DURG (C.G.)-491331
**(CD5) GANNOO RAM SAHU**
HN 57, VILL-KHAPRI, TEH-DHAMDHA,DIST-DURG (C.G.)-49133

Whereas you the **GOUKARAN GIRI GOSWAMI** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **12/05/2025** in **OA/652/2022** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs. 4115846.17 (Rupees Forty One Lakhs Fifteen Thousands Eight Hundred Forty Six And Paise Seventeen Only)** along with pendentellite and future interest @ 10% **w.e.f. 23/05/2022** till realization and costs of **Rs. 44000 (Rupees Forty Four Thousands Only)**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property

**2.** You are hereby informed that the **27/02/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property-**
I) Agriculture Land bearing Khasra No.-1476/1 area 1.20 hect., Khasra No.-2488 area 0.75 heet. and Khasra No.-2490 area 0.15 hect, total area 2.10 hectares, situated at Village-Dhamdha, Patwari Halka-9, District-Durg (C.G.). ii) Agriculture Land bearing Khasra No.-1476/2 area 0.71 hect. and Khasra No.1478 area 1.07 hect, total area 1.78 hectares or 4.39 acres, situated at Village-Dhamdha, Patwari Halka-9, District-Durg(C.G.)

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **09/01/2026**

SEAL

Recovery Officer
DRT, Jabalpur

# आसमान में उतरा 385 फीट चौड़े पंख वाला जहाज, 28 पहिये और 6 इंजन

**न्यूयार्क।** इंजीनियरिंग की दुनिया में जब भी किसी अजूबे की बात होती है, तो स्ट्रैटोलॉन्च आरओसी का नाम सबसे ऊपर आता है। यह केवल एक हवाई जहाज नहीं है, बल्कि आसमान में उड़ने वाला एक ऐसा भीमकाय ढांचा है जिसे देखकर पहली बार में आंखों पर यकीन करना मुश्किल हो जाता है। अपनी बनावट में यह दो अलग-अलग जेट विमानों के मेल जैसा दिखता है, जिन्हें पंखों के जरिए आपस में जोड़ दिया गया हो। इसके पायलट, को-पायलट और फ्लाइट इंजीनियर केवल दाईं ओर के फ्यूजलेज कॉकपिट में बैठते हैं, जबकि बाईं ओर का फ्यूजलेज पूरी तरह से मानव रहित होता है और वहां केवल फ्लाइट डेटा सिस्टम रखे जाते हैं। इतने बड़े आकार के विमान को हवा में उड़ाने के लिए 6 विशालकाय प्रैट एंड व्हिटनी इंजनों का उपयोग किया गया है। प्रत्येक इंजन लगभग 56,750 आईबीएफ का जबरदस्त थ्रस्ट पैदा करता है। स्ट्रैटोलॉन्च आरओसी के पंखों की कुल चौड़ाई 385 फीट (117 मीटर) है, जो इसे अब तक का सबसे चौड़ा पंखों वाला विमान बनाती है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि एक मानक अमेरिकी फुटबॉल मैदान की लंबाई 300 फीट होती है, यानी यह विमान एक पूरे फुटबॉल मैदान से भी कहीं ज्यादा चौड़ा है।



### उड़ान भरने के लिए 12 हजार फीट लंबे रनवे की आवश्यकता


इस विमान की पेलोड ले जाने की क्षमता भी आपको हैरान कर देगी। इसका अपना वजन 226796.19 किलो है, लेकिन यह अपने वजन से भी 10% ज्यादा यानी लगभग 250 टन का वजन उठाकर उड़ने में सक्षम है। हालांकि, इसे उड़ान भरने के लिए कम से कम 12,000 फीट लंबे रनवे की आवश्यकता होती है। साल 2011 में पहली बार प्रोटोटाइप के रूप में सामने आने के बाद इसने 2019 में अपनी पहली सफल उड़ान भरी और अब तक यह कुल 24 उड़ानें पूरी कर चुका है।




# समंदर की गहराई से निकलेगा पीने का पानी
## नॉर्वे में शुरू हो रही है पहली अंडरवॉटर फैक्ट्री

**ओस्लो।** नॉर्वे के पश्चिमी तट पर मोंगस्टाड के पास एक अनोखी शुरुआत होने जा रही है। फ़्लोसीन वन नाम का यह प्रोजेक्ट 300 से 600 मीटर गहराई में समंदर के नीचे लगाया जाएगा। दावा है कि यह दुनिया का पहला पूरा अंडरवॉटर डिसेलिनेशन प्लांट होगा, जो 2026 में काम शुरू करेगा। टाइम मैगजीन ने इसे 2025 की बेस्ट इन्वेंशन्स में भी शामिल किया है।

समंदर के नीचे छिपी पानी की फैक्ट्री इतनी गहराई पर पानी का दबाव बहुत ज्यादा होता है। आम प्लांट्स में यही दबाव मशीनों से बनाया जाता है, जिसमें भारी बिजली लगती है। फ़्लोसीन इसी नेचुरल प्रेशर का इस्तेमाल करता है। इससे बिजली की खपत करीब 30 से 50 फीसदी तक कम हो सकती है। ऊपर से धूप नहीं पहुंचती, तो काई और बैक्टीरिया भी कम होते हैं।



### क्यों जरूरी है ये तकनीक

संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2030 तक दुनिया में पानी की मांग 40 फीसदी ज्यादा हो जाएगी। ऐसे में कम जमीन, कम बिजली और कम नुकसान वाली तकनीक बहुत अहम है। फ़्लोसीन जैसे अंडरवॉटर प्लांट तटीय शहरों और द्वीपों के लिए गेमचेंजर साबित हो सकते हैं। समंदर अब सिर्फ खारा पानी नहीं, बल्कि भविष्य का मीठा समाधान बनता दिख रहा है। अगर ये प्रयोग सफल रहा, तो पानी की जंग में इंसान को एक मजबूत हथियार मिल जाएगा।




## पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि



अत्यंत दुःख के साथ सुचित करना पड़ रहा है कि हमारे श्रद्धेय
**स्व. श्री श्यामसुंदर अग्रवाल जी**
(पिता स्व. श्री नरसिंह लाल अग्रवाल जी)
का बैकुंठवास सोमवार, दिनांक 05.01.2026 को हो गया है।

**पगड़ी रस्म एवं श्रद्धांजलि**
**शनिवार, दिनांक 17 जनवरी 2026, सायं 4 बजे**
**स्थानः** खालसा स्कूल, कचहरी चौक के पास, पंडरी रायपुर (छ.ग.)

**शोकाकुल**

**गौरीशंकर अग्रवाल** (पूर्व विधानसभा अध्यक्ष)
**संजय अग्रवाल** (पुत्र)

रामचंद्र अग्रवाल (चाचा), अशोक अग्रवाल,
रमेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, विजय अग्रवाल (भाई),
नितिन अग्रवाल (भाजपा प्रदेश सहसंयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ ),
अनुराग, भावेश, अक्षत, आदित्य, विवान (भतीजे),
प्रज्जवल, उज्जवल, केशव, हिमांशु, अयन (पोते)
एवं समस्त मित्तल परिवार




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com